संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में परिवार के सदस्यों के साथ अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर राज्य में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 14 अंकः 297 पृष्ठः 08
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ का तीसरा दिन संपन्न, दिल्ली में 1300, मुंबई में 83 घाटों पर पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः**
दुनियाभर में छठ का महापर्व मनाया जा रहा है। खरना के साथ ही व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो चुका है। छठ महापर्व के तीसरे दिन यानी सोमवार शाम को दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई शहरों में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई देशों में भी भारतीय व्रतियों ने छठ पर सूर्य को अर्घ्य दिया। फिजी, सूरीनाम, मॉरिशस, त्रिनिनाद-टोबेगो में भी बड़ी संख्या में भारतीय आबादी रहती है, यहां भी छठ पूजा का आयोजन किया गया है। दिल्ली-मुंबई में घाटों में को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। मुंबई और ठाणे में 83 स्थानों पर सामूहिक छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। राजधानी दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हो रहा है, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए हैं। मध्य प्रदेश के भोपाल में प्रदेश के पहले छठी मैया के मंदिर का लोकार्पण हुआ। छठी मैया की यह प्रतिमा जयपुर के राज्य सम्मानित कलाकार महावीर भारती और निर्मला ने तैयार की



▢ दिल्ली में करीब 1300 घाटों पर छठ पूजा का आयोजन हो रहा है, जिनमें 17 प्रमुख घाट यमुना नदी के किनारे बनाए गए

है। इधर, पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली के वासुदेव घाट पर छठ पूजा में शामिल हो सकते हैं। चर्चा है कि वह उदीयमान सूर्य को अर्घ देंगे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पर्व का त्योहार सोमवार को श्रद्धा से मनाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया था। शास्त्रों के अनुसार छठ पर्व पर 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखा जताा है। परिजनों के साथ आई रूपा झा ने कहा कि इस व्रत को रखने से श्रद्धालुओं द्वारा मांगी गई मन्नते पूर्ण होती है। अपने परिवार की समृद्धि व शांति, पुत्र प्राप्ति व पति दिघार्यू की कामना के लिए छठ पर्व की पूजा की जाती है। यह पर्व शुक्ल पक्ष छठ मनाया जाता है। छठ पूजा में छठ मइया की पूजा करते हैं और जो भी इच्छा होती है वो माता पूरी करती हैं। सुरूची ने कहा कि छठ पूजा के घाट पर आने से पहले कई व्यंजन तैयार करते हैं।

# राजस्थान, एमपी, यूपी समेत 12 राज्यों में आज से एसआईआर

▢ बिहार के बाद अब 12 राज्यों में मतदाता सूची होगी अपडेट, कल से आगामी फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया, 7 फरवरी तक पूरा होगा, अगले साल चुनाव वाले बंगाल में एसआईआर, लेकिन असम में नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चुनाव आयोग बिहार के बाद 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची को अपडेट करेगा। इससे जुड़ी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया आज रात से शुरू हो जाएगी। इनमें अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु शामिल हैं। इन राज्यों की कुल आबादी 51 करोड़ है। एसआईआर की प्रक्रिया कल से शुरू होगी और 7 फरवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। आज रात से इन राज्यों की मतदाता सूची फ्रीज हो जाएगी।
मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां के विज्ञान भवन में इस संबंध में एक पत्रकार वार्ता की। इस दौरान चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधु और विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि कानून के तहत जरूरत पड़ने और चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग मतदाता सूची को अपडेट कर सकता है। राजनीतिक दल भी मतदाता सूची को लेकर अलग-अलग तरह से मुद्दे उठाते रहते हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के लिए कल से 3 नवंबर तक प्रिटिंग और प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी कर लेगा। इसके बाद 4 नवंबर से




### एसआईआर वाले राज्यों में विधानसभा चुनाव कब?

**कौन करेगा**
एसआईआर वाले 12 राज्यों में करीब 51 करोड़ मतदाता हैं। इस काम में 5.33 लाख बीएलओ और 7 लाख से ज्यादा बीएलए राजनीतिक दलों की ओर से लगाए जाएंगे।
**एसआईआर कब होगा, इसमें वोटर को क्या करना होगा**
एसआईआर के दौरान बीएलओ वोटर को फॉर्म देंगे। वोटर को उन्हें जानकारी मैच करवानी है। अगर दो जगह वोटर लिस्ट में नाम है तो उसे एक जगह से कटवाना होगा।
**एसआईआर के लिए कौन से दस्तावेज मान्य**
पेंशनर पहचान पत्र
किसी सरकारी विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र
जन्म प्रमाणपत्र
पासपोर्ट
10वीं की मार्कशीट
स्थायी निवास प्रमाणपत्र
वन अधिकार प्रमाणपत्र
जाति प्रमाणपत्र

अगले एक महीने तक सभी घरों में जाकर चुनावकर्मी फार्म वितरित करेंगे। नौ दिंसबर को चुनाव आयोग इन राज्यों की मसौदा सूची जारी करेगा। इसके बाद 1 महीने तक इस मौसूदा सूची से जुड़े दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद 9 जनवरी से एक महीने तक दावे सुने जाएंगे और जांच होगी। सात फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद पूरी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार देश में मतदाता बनने के लिए भारत का नागरिक होना, 18 साल से अधिक आयु का होना, किसी क्षेत्र का सामान्य रिहायशी होना और किसी अन्य कानून के तहत अयोग्य न घोषित व्यक्ति ही मतदाता बनने के लायक होता है।


उन्होंने कहा कि इतने सालों में मतदाता सूची में काफी बदलाव आए हैं। लोगों ने बहुत बड़ी संख्या में पलायन किया है। इसके चलते मतदाता एक से अधिक स्थान पर पंजीकृत हैं। कई मृत मतदाता भी मतदाता सूची में शामिल हैं और कई स्थानों पर गलत तरीके से विदेशियों को भी मतदाता सूची में शामिल किया गया है। एसआईआर की प्रक्रिया 1951 से 2004 तक आठ बार की जा चुकी है। आखरी बार फिर 2002 और 04 के बीच 21 साल पहले कराया गया था।
**एसआईआर क्या है**
यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। इसमें 18 साल से ज्यादा के नए वोटर्स को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है। जो शिफ्ट हो चुके हैं उनके नाम हटाए जाते हैं। वोटर लिस्ट में नाम, पते में हुई गलतियों को भी ठीक किया जाता है। बीएलओ घर-घर जाकर खुद फॉर्म भरवाते हैं।
**पहले किस राज्य में हुआ?**
पहले फेज में बिहार में हुआ। फाइनल लिस्ट में 7.42 करोड़ वोटर्स हैं।

### अगले सीजेआई के रूप में जस्टिस सूर्यकांत के नाम की केंद्र से सिफारिश

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस बीआर गवई ने जस्टिस सूर्यकांत को अगला चीफ जस्टिस नियुक्त करने के लिए केंद्र सरकार से सिफारिश की है। मौजूदा चीफ जस्टिस बीआर गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं।वरिष्ठता के आधार पर जस्टिस सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस बनेंगे। जस्टिस सूर्यकांत करीब 14 महीने तक चीफ जस्टिस के पद पर रहेंगे और 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। परंपरा के मुताबिक मौजूदा चीफ जस्टिस रिटायर होने के पहले अगले चीफ जस्टिस के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार से करते हैं।

## पंचकूला में राज्यस्तरीय महोत्सव, सीएम सैनी ने छठ मइया और सूर्य देव को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार शाम पंचकूला सेक्टर-21 स्थित घग्गर नदी तट पर आयोजित राज्यस्तरीय छठ पूजा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने छठ मइया और सूर्य देव को नमन करते हुए श्रद्धालुओं को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है जो अनुशासन, आस्था और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का संदेश देता है।



कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार के सहयोग से किया गया था, जिसमें पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर घाट पर भव्य सजावट की गई थी, रंग-बिरंगी रोशनियों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण छठमय हो उठा।
मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि राज्य सरकार सभी धर्मों और समुदायों के पर्वों को समान सम्मान देती है और ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं।

## पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया शहीद समागम का न्योता

**शहीदी पर्व**

▢ पूरे देश के राज्यों के सीएम और पूरी दुनिया में बसने वाले पंजाबियों को खुला न्योता दिया गया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके उन्हें श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व समागम में शामिल होने का न्योता दिया है। सीएम ने कहा कि हमने राष्ट्रपति को कहा कि 18 नवंबर से 25 नवंबर तक कोई भी दिन अपने शेड्यूल मुताबिक देख लें। जो भी दिन वह तय करेंगी, पंजाब सरकार उनका स्वागत करेगी। पंजाब सरकार गुरु तेग बहादुर जी



के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर भव्य समागमों का आयोजन कर रही है।
इसलिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों को निमंत्रण दिया जा रहा है। इन कार्यक्रमों की शुरूआत 25 अक्टूबर को दिल्ली स्थित गुरुद्वारा श्री सीस गंज साहिब में अरदास के साथ की गई। इसके बाद पंजाब के सभी जिलों में गुरु साहिब के जीवन और उपदेशों को दशार्न वाले लाइट एंड साउंड शो, कीर्तन दरबार और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। गुरु साहिब के चरणों से जुड़े 130 पवित्र स्थलों पर भी कीर्तन दरबार आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि राष्ट्रपति काफी धार्मिक ख्यालों की हैं। उन्हें इस बारे में पता है

### पंजाब के तरन तारन में उपचुनाव के लिए तैनात होंगे 1200 कर्मचारी

**चंडीगढ़।** विधानसभा क्षेत्र तरन तारन में 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर जिला चुनाव कार्यालय ने पोलिंग स्टाफ को पहला रिहर्सल सोमवार को माई भागो कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कराया गया। इस रिहर्सल का जायजा लेने के लिए पंजाब के संयुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी सकतर सिंह बल विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर तरन तारन विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम गुरमीत सिंह तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने लगभग 1200 पोलिंग कर्मचारियों को ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट सहित मतदान दिवस की सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें मतदान के दिन की कार्यप्रणाली और सावधानियों से भी अवगत कराया गया।

## सीजेआई कोर्ट में जूता फेंकने वाले राकेश को नोटिस देने से कोर्ट का इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चीफ जस्टिस बीआर गवई के कोर्ट रूम में जूता उछालने के आरोपित वकील राकेश किशोर को अवमानना का नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अवमानना नोटिस जारी करना उसे बेवजह तव्वजो देना होगा। बेहतर होगा कि यह विवाद अपने आप खत्म हो जाए।
कोर्ट बेंच ने कहा कि चूंकि यह अवमानना सीधे कोर्ट में हुई, ऐसे में इसमें कार्रवाई करने का अधिकार संबंधित जज यानि चीफ जस्टिस के पास था, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई न करने का विकल्प चुना। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये जायेंगे। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह से इस बारे में सुझाव मांगा है।

## नशे के विरुद्ध लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारियों पर होगी कार्रवाई : सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन पुलिस थाना क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा, जहां लापरवाही या ढिलाई बरती जा रही है, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का प्रभाव धरातल पर दिखना चाहिए ताकि अन्य कर्मचारी




सतर्क हो सकें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार यहां नशा मुक्त भारत अभियान योजना के संबंध में आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि नशा मुक्त घोषित गांवों का नियमित पुनर्मूल्यांकन किया जाए और अन्य राज्यों के साथ लगती प्रदेश की सीमा क्षेत्रों में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ताकत बढ़ाई जाए। इसके साथ ही विशेषज्ञों को भी टीम में शामिल कर नशे की आपूर्ति पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। संबंधित विभागों को नशे के खिलाफ संयुक्त अभियान को तेज करने, एनफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और अवेयरनेस के तीनों पहलुओं पर समान रूप से काम करने और पंचायतों को सक्रिय भागीदार बनाने का निर्देश दिया।

**आदेश जारी**

▢ जहां लापरवाही या ढिलाई बरती जा रही है, वहां कठोर कार्रवाई की जाएगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## आवारा कुत्तों का मामलाः हलफनामा दाखिल नहीं करने पर लगी फटकार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के मामले में कोर्ट के आदेशों के अनुपालन को लेकर हलफनामा दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकारों को फटकार लगाई है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल, दिल्ली और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को 3 नवंबर को पेश होने का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ ने 22 अगस्त को आवारा कुत्तों के मामले पर दो जजों की बेंच के आदेश में बदलाव करते हुए कहा था कि दिल्ली में आवारा कुत्तों को शेल्टर होम से तभी छोड़ा जाएगा, जब उन्हें टीका (इम्युनाइजेशन) लग जाएगा और बधियाकरण हो जाएगा। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि शेल्टर होम से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर लगी रोक को इस बदलाव के साथ हटाया जा रहा है।

**राज्यों को लताड़ा**

▢ पश्चिम बंगाल, दिल्ली और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिव 3 नवंबर को तलब

जो कुत्ते आक्रामक स्वभाव के हैं और उन्हें रेबीज की बीमारी है उन्हें शेल्टर होम से नहीं छोड़ा जाएगा। कोर्ट ने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना नहीं खिलाया जा सकता है। आवारा कुत्तों को खिलाने के लिए जगह नगर निगम की ओर से तय किया जाए। इस मसले पर विस्तृत सुनवाई करेगा और पूरे देश के लिए एक नीति तैयार करेगा। इसके पहले 11 अगस्त को जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने दिल्ली-एनसीआर की सड़कों और गलियों को आवारा कुत्तों से मुक्त कराने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए थे।

**रोजगार पर बल** — *हमारे युवाओं को विदेशों में सुरक्षित, कानूनी और भरोसेमंद माध्यमों से रोजगार मिलना सुनिश्चित हो : डिप्टी सीएम*

## युवाओं को विदेशों में सुरक्षित रोजगार से जोड़ेगी सरकारः अग्निहोत्री

**पंकज शर्मा**
**शिमला :** उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हिमाचल सरकार युवाओं को विदेशों में सुरक्षित रोजगार से जोड़ेगी। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर रोजगार के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, प्रदेश सरकार ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में निर्णायक पहल की है कि हमारे युवाओं को विदेशों में सुरक्षित, कानूनी और भरोसेमंद माध्यमों से रोजगार मिलना सुनिश्चित हो।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वयं जिम्मेदारी लेकर युवाओं को विदेश भेजने की पूरी प्रक्रिया को



व्यवस्थित और पारदर्शी बना रही है, ताकि किसी को भी ठगी, धोखे या असुरक्षा की स्थिति का सामना न करना पड़े। यह कदम प्रदेश सरकार की 'हर युवा को हुनर, हर हुनर को अवसरइ की प्रतिबद्धता का परिणाम है।
उप-मुख्यमंत्री सोमवार को पालकवाह में आयोजित हिमाचल सरकार की 'ओवरसीज रिक्रूटमेंट ड्राइव' की श्रृंखला के राज्यस्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और यह पहल उसी दिशा में एक ठोस कदम है। विदेशों में उपलब्ध विभिन्न ट्रेड्स में नौकरियों की मांग के अनुसार युवाओं का चयन किया जाएगा, ताकि कौशल और अवसर का सही समन्वय सुनिश्चित हो सके।
अग्निहोत्री ने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी होती थी। माता-पिता अपने जीवन की गाढ़ी कमाई खर्च कर बच्चों को बाहर भेजते थे, पर अवैध तरीके और जालसाजी से ठगे जाते थे। अब हिमाचल सरकार ने तय किया है कि युवाओं को सुलभ, सस्ते और कानूनी तरीके से विदेश भेजा जाएगा।
उप-मुख्यमंत्री ने कहा यह सरकार का सबसे सुरक्षित, कानूनी और पारदर्शी तरीका है, जिससे हिमाचल के युवा अपने कौशल के अनुरूप विदेश में रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। विदेशों में स्किल की मांग है और हिमाचल प्रदेश के युवा इससे लाभान्वित होंगे। इस पहल से रोजगार कार्यालय की

### दुनिया में हो रहे बेहतर प्रयोगों का अध्ययन कर लागू करे आईसीएआरः शिवराजनई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सुचारू कृषि शिक्षा और राज्यों में विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों में खाली पड़े सभी पद शीघ्र भरने के लिए वे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजेंगे और वहां के कृषि मंत्रियों से भी चर्चा करेंगे। शिवराज सिंह सोमवार को यहां पूसा में आयोजित राष्ट्रीय कृषि छात्र सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। इसमें देशभर के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। हजारों विद्यार्थी आभासी रूप से भी जुड़े थे। आईसीएआर तथा कृषि विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी भी शामिल हुए।



ACTION INDIA
ऊना, 28 अक्टूबर 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com



# छठ हमारी सामाजिक एकता, आध्यात्मिक उन्नयन और प्राचीन विरासत का प्रतीकः सीएम

## लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लखनऊ का कोई ड्रेनेज या सीवर गोमती में नहीं गिरेगा, पीलीभीत से गाजीपुर तक निर्मल होगी नदी- सीएम योगी

**विरासत**

छठ पर्व हमें एक-दूसरे के साथ जोड़ता है और सामाजिक बंधन मजबूत करता है- सीएम योगी आदित्यनाथ





**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा न केवल आध्यात्मिक उन्नयन का माध्यम है, बल्कि सामाजिक एकता, प्राचीन भारतीय विरासत और प्रकृति से संवाद का प्रतीक भी है। गोमती तट के किनारे लक्ष्मण मेला मैदान में छठ घाट पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने छठ गीतों का आनंद लिया और भोजपुरिया सनेश स्मारिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने भोजपुरी में संबोधन देकर श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ का कोई ड्रेनेज या सीवर गोमती में नहीं गिरेगा, पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती निर्मल व अविरल होगी। सीएम योगी ने कहा कि छठ महापर्व विश्वभर में बसे भोजपुरी समाज को आत्मशुद्धि और लोक कल्याण के मार्ग से जोड़ता है। उन्होंने भोजपुरी में शुभकामनाएं देते हुए कहा, "छठ मईया के कृपा सबके ऊपर बनल रहे सभन लोगन के परिवार मे शुख समृद्धि और खुशहाली रहे एकरे खातिन हम छठी माई से आशीर्वाद माँगत आनी जितना लोग व्रत बाटें उहें खातिर हम छठी माई से आशीर्वाद माँगत बानी की सबके भगवती उनके सपने के पूरा करें।"

**छठ पर्व परिवार की सुख-समृद्धि के साथ लोकमंगल की कामना से जुड़ा है- सीएम योगीः** सीएम योगी ने कहा कि यह पर्व भारत की प्राचीन विरासत को दशार्ता है और प्रकृति से संवाद सिखाता है। चार दिनों की कठिन साधना में बहनों की तपस्या को विशेष रूप से सराहते हुए उन्होंने कहा कि यह परिवार की सुख-समृद्धि के साथ लोकमंगल की कामना से जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौराणिक काल से चली आ रही यह परंपरा अब पूरे भारत में फैल चुकी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिमी इलाकों तक लाखों श्रद्धालु जुड़ रहे हैं। उन्होंने गाजियाबाद और नोएडा का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां 50 हजार से एक लाख तक भक्त छठ मना रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कोई मंदिर, सरोवर या तालाब ऐसा नहीं जहां श्रद्धालु न जुड़े हों। बल्कि राष्ट्रीय एकजुटता का भी संदेश देती है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें एक-दूसरे के साथ जोड़ता है और सामाजिक बंधन मजबूत करता है।

**स्वच्छता सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व- मुख्यमंत्रीः** सीएम योगी ने कहा कि कोई देश तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसके नागरिक राष्ट्रीय कर्तव्य से नहीं जुड़ते। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को छठ से जोड़ते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से चल रहा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण का आधार है। सीएम योगी ने सिंगल-यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन और कूड़े के अंधाधुंध उपयोग पर रोक लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गंदगी के कारकों को हटाएं, उसे नदी-नालों में न फेंकें। अगर हर व्यक्ति इसका पालन करे, तो आधे से अधिक समस्या का समाधान हो जाएगा। यह केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। नागरिकों के राष्ट्रीय कर्तव्य से जुड़े बिना राष्ट्र विकसित नहीं हो सकता। विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में यह प्रयास मदद करेगा। पिछले दो वर्षों में गोमती में जल स्तर कम होने और बदबू की शिकायतें आईं, लेकिन इस बार प्रशासन, सिंचाई विभाग, नगर निगम और स्वयंसेवी संगठनों की मेहनत से सुधार हुआ।

### पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती अविरल और निर्मल बनेगी- सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले दो वर्षों में गोमती में जल स्तर कम होने और बदबू की शिकायतें आईं, लेकिन इस बार प्रशासन, सिंचाई विभाग, नगर निगम और स्वयंसेवी संगठनों की मेहनत से सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि एक महीने पहले बैठकें हुईं और अखिल भारतीय भोजपुरी समाज ने स्वच्छता अभियान चलाया। परिणामस्वरूप, गोमती का जल शुद्ध और पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि जल का अर्घ्य अगर शुद्ध न हो, तो भगवान कैसे स्वीकार करेंगे?

पूजा स्थल की तरह नदी भी साफ-सुथरी होनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि एक से डेढ़ वर्ष में लखनऊ का कोई ड्रेनेज या सीवर गोमती में नहीं गिरेगा। पीलीभीत से गाजीपुर तक गोमती अविरल और निर्मल बनेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि कल प्रातः आयोजन समाप्त होने के बाद स्वच्छता अभियान चलाएं। यह राष्ट्रीय कर्तव्य है, हर लखनऊवासी और प्रदेशवासी की जिम्मेदारी।

**सीएम योगी ने की अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों की सराहना**

कार्यक्रम में सीएम ने अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के पदाधिकारियों की सराहना की और कहा कि सम-विषम परिस्थितियों में उन्होंने आयोजन को नई ऊंचाई दी। मुख्यमंत्री ने छठ को घरों से लेकर नदी तट तक मनाने की परंपरा का जिक्र किया और सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मैया से प्रार्थना है कि सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों, परिवार और समाज में सुख-समृद्धि आए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय, मॉरिशस प्रधानमंत्री के पूर्व सचिव सुरेश रामबरन समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# बिरसा मुंडा जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भव्यता से मनाएं : मुख्यमंत्री



एक से 15 नवम्बर तक विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के संचालन के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल। मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वें जयंती वर्ष के समापन अवसर पर आगामी 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस भव्यता से मनाया जाए। साथ ही एक नवम्बर से 15 नवम्बर तक ग्राम पंचायतों से राजधानी स्तर तक विभिन्न गतिविधियों का संचालन हो। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर शिक्षण संस्थाओं में गतिविधियां संचालित की जाएं। प्रदेश के विभिन्न अंचलों में सक्रिय रहे जनजातीय नायकों पर केन्द्रित प्रदर्शनियां लगाई जाएं। स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदाय के योगदान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध, भाषण, क्विज और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन हो। स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन, हस्तशिल्प की प्रदर्शनी और लोक कलाओं पर केन्द्रित गतिविधियों का भी आयोजन किया जाए। जनजाति बहुल क्षेत्रों में इस अवधि में लगने वाले मेलों में स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित विषय-वस्तु का प्रदर्शन किया जाए। कार्यक्रमों में शासकीय कल्याणकारी कार्यक्रमों और विकास गतिविधियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी गतिविधियां हों। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर अमरकंटक में होगा भव्य दीपोत्सव**

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर को अनूपपुर जिले में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह एकलव्य आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम हाल में आयोजित होगा, जहां स्थापना दिवस पर विविध सांस्कृतिक समारोह संपन्न किए जाएंगे। सायंकालीन दीपोत्सव कार्यक्रम अमरकंटक स्थित नर्मदा घाट के उत्तर तट पर 51,000 दीपों की अलौकिक रोशनी के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा।

## धर्मशाला में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता रैली लेट्स बीट ब्रेस्ट कैंसर का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशालाः** विश्वभर में 17000 से अधिक चिकित्सकों की सदस्यता वाला गैर लाभकारी संगठन फिज़िशियन्स कमेटी फॉर रिस्पॉन्सिबल मेडिसिन (पीसीआरएम)ने धर्मशाला स्थित मैक्सिमस मॉल में लेट्स बीट ब्रेस्ट कैंसर रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों,कैंसर सर्वाइवर्स और आम नागरिकों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य था ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम में प्लांट.बेस्ड आहार और स्वस्थ जीवनशैली की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना।ग्लोबोकॉन 2022 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब ब्रेस्ट कैंसर सबसे अधिक रिपोर्ट किए जाने वाले कर्क रोगों में से एक है।स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में ब्रेस्ट कैंसर के मामले 2019 में 1310 से बढ़कर 2023 में 1437 हो गए जबकि मृत्यु दर 487 से बढ़कर 535 तक पहुंच गई।यह चिंताजनक वृद्धि इस बात की ओर इशारा करती है कि रोकथाम पर केंद्रित स्वास्थ्य अभियानों की तत्काल आवश्यकता है।लगभग 40 प्रतिभागियों की उपस्थिति में आयोजित रैली की शुरूआत ढोल की थाप पर हुए मार्च से हुई। इसके बाद पीसीआरएम की फूड फॉर लाइफ प्रशिक्षक अर्चना साराफ द्वारा प्लांट.बेस्ड पौष्टिक व्यंजनों का लाइव डेमो आयोजित किया गया।



प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान की दिशा में होने चाहिए निरंतर प्रयास : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।

## नरेन्द्रनगर में श्रीकुंजापुरी पर्यटन व विकास मेले का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

वेशभूषाओं, ऐतिहासिक शौर्य गाथाओं और धार्मिक, सामाजिक, पहलुओं पर आधारित आकर्षक झांकियों का अवलोकन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नरेन्द्रनगर पहुंचकर 49वें श्रीकुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का ध्वजारोहण कर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विद्यालयों के छात्रों की बनाई विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं, त्योहारों, पारंपरिक वेशभूषाओं, ऐतिहासिक शौर्य गाथाओं और धार्मिक, सामाजिक, पहलुओं पर आधारित आकर्षक झांकियों का अवलोकन किया। यह झांकियां मेले के मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला प्रदेश के बड़े मेलों में शुमार है, मेले हमारी संस्कृति, सभ्यता और सनातन की पहचान हैं। इन्हें अक्षुण्ण बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रसिद्ध 52 सिद्ध पीठों में जिसका प्रदेश सहित देश में विशिष्ट स्थान है । इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने एक दर्जन से अधिक मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य कर रही है। इसके साथ ही अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं भी संचालन कर रही है। इस मौके पर प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल में मुख्यमंत्री का आभार जताया और क्षेत्रीय समस्याओं के निदान के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया। उन्होंने ने कहा कि मेले हमारे संस्कृति और सभ्यता के ध्वजवाहक हैं, उन्होंने कहा कि कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेला, नरेंद्र नगर ही नहीं बल्कि पूरे जनपद के विकास में सहायक है। सुबोध उनियाल ने कहा कि विगत वर्षों मेले के आयोजन के उद्घाटन अवसर पर, मुख्यमंत्रियों ने यहां पधार कर कई योजनाएं स्वीकृत की हैं।

## किसानों को पराली जलाने पर जेल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। न**गर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा डायट के समीप स्थित काशीराम आवासीय कॉलोनी के सामने खाली मैदान में बनाए गए अवैध डंपिंग ग्राउंड में जमा कूड़े कचड़े के ढेर में गत एक सप्ताह पूर्व लगाई गई आग से धुंआ उठने और बदबू के कारण लगभग एक दर्जन कॉलोनीवासियों का जीना दूभर हो गया है। धुंआ के कारण आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ से बच्चे, बूढ़े और सांस के मरीज बहुत परेशान हैं।

नगर निगम की लापरवाही और प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विगत आठ माह से नगर निगम कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां टाउनशिप के आस पास की कालोनियों के घरों से कूड़ा उठाकर काशीराम आवासीय कॉलोनी के सामने खाली पड़े मैदान पर कूड़ा डालकर चले जाते हैं। अवैध रूप से बनाए गए डंपिंग ग्राउंड के कूड़े से आ रही दुर्गंध से काशीराम आवासीय कॉलोनी में रह रहे परिवारों का जीना दूभर हो गया है। इस क्षेत्र में कोयला अलीपुर रोड स्थित लगभग एक दर्जन से कालोनीवासियों और आते जाते राहगीरों का भी दुर्गंध के कारण निकलना दूभर हो रहा है।

# बरसाना क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर खिलवाड़, बिना मान्यता और उडिसे कोड के चल रहे हैं अवैध स्कूल

कुमारेश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (जरेला चौक, कमई रोड, बरसाना) लगभग आठ नौ वर्षों से संचालित होने की चर्चा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** नंदगांव,बरसाना बरसाना क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। क्षेत्र में दर्जनों ऐसे निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं जो न तो शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त हैं, न ही उनके पास उडिसे कोड (यूनिफाइड डिस्टिक इनफॉरमेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन) है। इन अवैध स्कूलों में न तो बुनियादी सुविधाएं हैं और न ही बच्चों के रिकॉर्ड का कोई प्रमाण, जिससे छात्रों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, कुमारेश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (जरेला चौक, कमई रोड, बरसाना) लगभग आठ नौ वर्षों से संचालित होने की चर्चा हैं और वाई एल पब्लिक स्कूल (छाता रोड, बरसाना) सहित कई स्कूल बिना किसी शैक्षिक अनुमति या संबद्धता के संचालित हो रहे हैं। इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का नाम शिक्षा विभाग के किसी भी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है।

**बच्चों का भविष्य अधर में:**

इन स्कूलों से जब अभिभावक बच्चों की ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टी सी ) मांगते हैं, तो उन्हें बार-बार टाल दिया जाता है या अनावश्यक रूप से घुमाया जाता है। नतीजा यह होता है कि बच्चे किसी मान्यता प्राप्त स्कूल में प्रवेश नहीं ले पाते, क्योंकि बिना उडीसे कोड के उनका कोई शैक्षिक रिकॉर्ड नहीं बन पाता।

**बिना मानक, बिना निरीक्षण चल रहे हैं स्कूलः** शिक्षा विभाग द्वारा तय मानकों को दरकिनार कर ये संस्थान न केवल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं बल्कि बच्चों के अधिकारों का भी हनन कर रहे हैं। इन स्कूलों में न योग्य शिक्षक हैं, न पर्याप्त संसाधन, न ही कोई सुरक्षा मानक।

**अवैध कब्जेदारों पर होगी कार्रवाई**

## वक्फ संपत्ति में रह रहे लोगों को अब सर्किल रेट से देना होगा किराया



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** वक्फ संपत्ति में रह रहे किराएदारों को अब सर्किल रेट के अनुसार किराया देना होगा। वक्त की संपत्ति की डिजिटल सुरक्षा होगी और अवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात वक्फ कोआर्डिनेटर जेड हसन ने चंदनवन स्थित एएचएम स्कूल की लाइब्रेरी हाल में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने अन्य कोआर्डिनेटरों से वक्फ संपत्ति का ब्योरा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए कहा। कोऑर्डिनेटर जेड हसन ने कहा केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड से नियुक्त कोआर्डिनेटरों से कहा वक्फ संपत्ति का ब्योरा जल्द उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराएं। मुतवल्लियों से कहा, इसके लिए सचिव का तौलियत प्रमाण पत्र, हस्बे दफा 37 की नकल, वक्फनामा, खसरा, खतौनी, आधार कार्ड, बिजली का बिल आदि दस्तावेज के साथ कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी या हमसे मिलें। ये दस्तावेज दिसंबर के अंत तक उपलब्ध कराएं।

कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी ने बताया, भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय की यह महत्वपूर्ण पहल है। इससे प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही को बढ़ाना है। उम्मीद पोर्टल पंजीकरण सत्यापन कानूनी ट्रैक के रूप में काम करेगी। इससे वक्फ संपत्ति पर कोई अवैध कब्जा नहीं कर सकेगा। साथ ही संपत्ति बेचने व खरीदने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकेगी। वहीं कोई वक्फ किराएदार अपनी मनमानी कर सकेगा।

वक्फ संपत्ति में रह रहे किराएदारों को सर्किल रेट से अब किराया देना होगा। जो किराएदार किराया नहीं दे रहे हैं और संपत्ति पर काबिज हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कोआर्डिनेटर सैयद मशहूर अली, खालिद अली, सिराज शाह आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश में 23 खेल अकादमियां की जल्द होगी स्थापनाः सीएम पुष्कर सिंह धामी

पीएम की प्रेरणा से पूरे देश में आयोजित हो रहा सांसद खेल महोत्सव, खेल प्रतिभाओं को गांव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का बड़ा अभियान है



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को तपोवन में स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में आयोजित हो रहा सांसद खेल महोत्सव, खेल प्रतिभाओं को गांव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का बड़ा अभियान है। उत्तराखंड में खेल महोत्सव तीन अलग-अलग चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य फिट इंडिया-स्पोर्ट्स इंडिया-स्ट्रॉन्ग इंडिया के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ ही स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि राज्य में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर इतिहास रच कर राज्य का गौरव बढ़ाने का कार्य किया। आज उत्तराखंड विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में भी देश के प्रमुख राज्यों में गिना जाने लगा है। स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान के अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की जाएगी। इन अकादमियों में प्रत्येक वर्ष 920 विश्वस्तरीय एथलीट और 1000 अन्य खिलाड़ी उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में उत्तराखंड का प्रथम खेल विश्वविद्यालय एवं लोहाघाट में एक महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। प्रदेश में खेलों के समग्र विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई खेल नीति भी लागू की गई है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को ह्रह्रआउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री खेल विकास निधि, मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना तथा खेल किट योजना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य के उभरते हुए युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड खेल रत्न पुरस्कार और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों की योग्यता को भी सम्मानित किया जा रहा है। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटे को पुनः लागू किया गया है, जिससे हमारे खिलाड़ियों के परिश्रम और कौशल को उचित अवसर और सम्मान मिल सके। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। बच्चों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए अनेक कार्यक्रमों सांसद खेल प्रतियोगिता, फिट इंडिया का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजानदास, मेयर सौरभ थपलियाल और सीडीओ अभिनव शाह आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने की बजट घोषणाओं की समीक्षा

**निर्देश**

» अधिकारियों को सभी घोषणाओं को शीघ्रता से धरातल पर उतारने के दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां वित्त वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के कार्यान्वयन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारा जाए, ताकि आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, हरित ऊर्जा, पर्यटन, डाटा स्टोरेज तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाओं को देखते हुए आगामी समय में और भी जनहितकारी योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि विकासात्मक परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार के पास धन और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सभी विभागों को अधूरी परियोजनाओं को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सुक्खू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, किसानों और बागवानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है। किसानों को अधिक लाभ प्रदान करने के लिए कोल्ड स्टोरेज तथा प्रोसेसिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक उत्पादों के प्रमाणन और विपणन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को 'हिम-ईरा' ब्रांड के अंतर्गत बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे इन समूहों की आय में बढ़ोतरी हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं तथा प्रथम चरण में 100 स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न पर आधारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा है।

## जेएस विजडम के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय पर दिखाएंगे प्रतिभा

**राजन पुरी**
**ऊना।** जेएस विजडम वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने रा%य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन हुआ है। मंडी कुन्नैड में आयोजित रा%य स्तरीय प्रतियोगिता में जेएस विजडम वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्रा बारिका ने कुश्ती की 39 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

वहीं छात्र प्रथम शर्मा ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन जगदीश राम, एमडी सुनील चौधरी तथा प्रिंसिपल रेणुका ने बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

# मुख्यमंत्री लिखित में बताएं कि पंचायत चुनाव समय से होंगे : जयराम ठाकुर


**मिथ्या**

» पंचायत चुनाव पर मुख्यमंत्री खुद भी झूठ बोल रहे हैं और मंत्रियों से भी बुलवा रहे हैं

**खेमचंद शास्त्री**
**मंडी।** मंडी से जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव के मामले में सरकार हर दिन झूठ बोल रही है और विपक्ष पर गलत आरोप लगा रही है। कुतर्कों से अपने झूठ का बचाव कर रही है।

पंचायत चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री खुद झूठ बोल रहे हैं और अपने मंत्रियों तथा अन्य नेताओं से भी झूठ बुलवा रहे हैं। झूठ बोलने में माहिर मुख्यमंत्री और उनके व्यवस्था परिवर्तन वाली सुख की सरकार अगर पंचायत चुनाव के समय पर होने को लेकर आश्वत हैं इस बात को लिखित में बताएं कि समय से चुनाव होंगे अन्यथा चुनाव से भागने की बात को स्वीकार करें। इससे ही इस मुद्दे का पटाक्षेप हो जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमेशा झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री विपक्ष के तर्कों को नकार नहीं सकते। अभी तक सरकार आरक्षण रोस्टर तय नहीं कर पाई है। जो न्यायालय के आदेशानुसार चुनावी प्रक्रिया के शुरू होने के 90 पहले करना अनिवार्य है। डीसी से लेकर सीएस तक सबके सब चुनाव टालने के लिए पत्र पर पत्र लिख रहे हैं। अब सरकार पंचायत का पुनर्सीमांकन करवाने के नाम पर फिर से चुनाव टालने का बहाना खोज रही है। पंचायतों के



पुनर्सीमांकन का काम पहले क्यों नहीं शुरू किया गया? लेकिन जब सरकार झूठ बोलकर ही सारे काम निकाल सकती है तो मुख्यमंत्री को काम करने की आवश्यकता महसूस नहीं हो रही है। लेकिन मुख्यमंत्री के झूठ का घड़ा भर चुका है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि निरमंड में जल शक्ति विभाग के भवन निर्माण की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

# शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर रहा हिमाचल : केवल सिंह पठानिया

**ऋण**

» स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए एक प्रतिशत ब्याज दर पर मिलेगी शिक्षा ऋण की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज यहां शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में ज़िला कांगड़ा में क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की।

बैठक के दौरान उप-मुख्य सचेतक ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र अभूतपूर्व प्रगति की ओर अग्रसर है। शिक्षा से कोई भी वर्ग वंचित न रहे इसके दृष्टिगत वर्तमान प्रदेश सरकार ने अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं जिनका लाभ कमजोर वर्गों को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य के अधिकतम विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना में संशोधन को मंजूरी दी है। संशोधन के अनुसार, स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए एक प्रतिशत ब्याज दर पर शिक्षा ऋण की



सुविधा भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, लाभार्थी विद्यार्थी के परिवार की आय सीमा 4 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 लाख रुपये प्रति वर्ष कर दी गई है। योजना के तहत मेधावी विद्यार्थी को 20 लाख रुपये तक शैक्षिक ऋण की सुविधा दी जाती है।

## नंगड़ा स्कूल में स्वयंसेवकों को बताए यातायात नियम

**राजन पुरी**
**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगडा में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान सोमवार को स्कूल वाटिकाओं को साफ किया गया। शाम के सत्र में बौद्धिक चर्चा के दौरान सुरेश कुमार ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग आवश्य करें। उन्होंने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए अपने आस पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी हरीश पाल शर्मा व परवेश कुमारी उपस्थित रहे।

## वैश्विक प्रतियोगिताओं में पदक जीत हिमाचल का मान बढ़ा रहे हमारे खिलाड़ी : अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व हिमाचल ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल के खिलाड़ियों द्वारा लगातार अच्छा प्रदर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर उनकी सराहना की है।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में पिछले 11 वर्षों में खेल के क्षेत्र में बड़े सुधार हुए हैं। देवभूमि हिमाचल भी इस से अछूता नहीं है और हमारे खिलाड़ी लगातार वैश्विक मंचों पर अपनी प्रतिभा से धूम मचा रहे हैं और पदक जीतकर भारत व हिमाचल को गौरवान्वित कर रहे हैं।

झारखंड में चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में हमारे हिमाचल प्रदेश के एथलीट्स ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत देवभूमि का नाम रोशन कर दिया है।

उन्होंने कहा मेरे संसदीय क्षेत्र के हमीरपुर की बेटी मनीषा कुमारी ने रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित चौथी दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में 4×400 मीटर रिले में गोल्ड मेडल व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले संदीप सिंह ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर देवभूमि के साथ-साथ देश भारत का भी मान बढ़ाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मनीषा बनी हमीरपुर जिला की पहले अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदकधारी खिलाड़ी




**टीम एक्शन इंडिया**
**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला एथलेटिक संघ अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक धारी खिलाड़ी का अभिनंदन करता है और उसका धन्यवाद करता है कि उसने आज हमीरपुर, हिमाचल का नाम पूरे विश्व भर में प्रसिद्ध किया है।

ज़िला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष पंकज भारतीय ने बताया की मनीषा ने रांची में सम्पन्न दक्षिण आसियान एथ्लेटिक्स प्रतियोगिता के 4 गुना 400 मिटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया हैं।

उन्होने बताया की हमीरपुर डिग्री कॉलेज सिंथेटिक खेल मैदान से यह पहली खिलाड़ी है जिसने इतना ऊंचा मुकाम हासिल किया। इसके लिए ज़िला एथ्लेटिक्स एसोशिएशन सभी खेल प्रशासकों, एथलेटिक्स से जुड़े सभी प्रशासकों का, कोच साहिबान और वह सभी व्यक्ति जिन्होंने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से हमीरपुर एथलेटिक्स और उससे जुड़े खिलाड़ियों को सहयोग दिया, उन सब का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करता हैं। मनीषा हमीरपुर जिला के दूरस्थ गांव उटपुर से संबंध रखती हैं। हमीरपुर ज़िला के दूरस्थ गाँव उटपुर की रहने वाली मनीषा एक साधारण परिवार से संबंध रखती हैं। पिता रमेश चंद ट्रक ड्राईवर हैं और माता शीला देवी ग्राहिणी हैं। सामान्य परिवेश में पालकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धमक बिखेरने के क्रम में मनीषा ने कई बाधायों को झेला और सफलतापूर्वक पर किया हैं। विगत दो वर्षो में मनीषा ने ओपेन एथ्लेटिक्स प्रतियोगिता संगरूर में 400 मीटर दौड़ में 53.81 सेकंड का समय निकाल कर स्वर्ण पदक जीत कर अपनी जगह राष्ट्रीय टीम में सुनिश्चित की हैं। 64वी नेशनल अंतर स्टेट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता, खेलो इंडिया में 400 मीटर रीले में कांस्य पदक जीता, अंडर 23 ओपेन एथ्लेटिक्स प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल, खेलो इंडिया प्रतियोगिता में कांस्य पदक तथा इंटर यूनिवरसिटि प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता हैं।

### कांता कॉलेज ऑफ एजुकेशन चलवाड़ा में बी. एड के नए सत्र 2025- 27 शुभारम्भ किया

**विजय समयाल**
**कांगड़ा।** कार्यक्रम का शुभारंभ द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापको द्वारा गणेश स्तुति , मां सरस्वती की वंदना तथा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया द्य कांता कॉलेज की प्रचार्या शिवानी मैहरा द्वारा बी.एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओ का कॉलेज से परिचय करवाया गया जिसमें उन्होंने बताया कि ठाकुर शुभकरण सिंह तथा उनके छोटे भाई स्वर्गीय ठाकुर कुल्तार सिंह जी ने अपने स्वर्गीय माता पिता कांता देवी जी तथा ठाकुर रुमाल सिंह जी के आशीर्वाद से सन 2007 में कांता कॉलेज ऑफ एजुकेशन की शुरुआत की जो की तब से शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

अंत में प्राचार्या महोदया द्वारा बी.एड. प्रशिक्षुओ को सम्वोधित करते हुए कहा गया कि कड़ी मेहनत से किस्मत बनती है।

यह उद्धरण बताता है कि किस्मत यूँ ही नहीं मिलती—यह अक्सर उन लोगों को मिलती है जो मेहनत और लगन से काम करते हैं। आप अपने लक्ष्यों के लिए जितना ज़्यादा मेहनत करते हैं, उतने ही ज़्यादा अवसर सामने आते हैं, जिससे सफलता किस्मत जैसी लगने लगती है, जबकि असल में यह मेहनत का नतीजा होती है।

यह बच्चों को सिखाता है कि सफलता सिर्फ़ किस्मत से नहीं, बल्कि अपने लिए अवसर खुद बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने से मिलती है।

## अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला-2025 के उपलक्ष्य में 28 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक होंगी विविध खेल गतिविधियाँ

**लिहान्टू**
**रामपुर बुशहर।** अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला-2025 के उपलक्ष्य में रामपुर बुशहर में 28 अक्टूबर से 9 नवम्बर तक विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न खेल संघों के सहयोग से लवी मेला आयोजन समिति, रामपुर बुशहर द्वारा किया जा रहा है।

उपमंडलाधिकारी (नागरिक) एवं सचिव, अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला आयोजन समिति, रामपुर बुशहर हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का खेल थीम नशे को नहीं, फिटनेस को चुनें, खेलें और स्वस्थ रहें रखा गया है।

उन्होंने जानकारी दी कि खेल गतिविधियों के विस्तृत कार्यक्रम में 28 एवं 29 अक्टूबर, 2025 को कॉलेज ग्राउंड, रामपुर बुशहर में जिला स्तरीय (सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग) वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

इन मैचों के माध्यम से जिला शिमला वॉलीबॉल टीम का चयन किया जाएगा।

4 से 6 नवम्बर, 2025 को बॉयज़ स्कूल, रामपुर बुशहर में



राज्य स्तरीय (सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग) कबड्डी प्रतियोगिता होगी। बुशहर कबड्डी संघ की एक टीम भी इस प्रतियोगिता में भाग लेगी।

7 से 9 नवम्बर, 2025 को पी.जी. कॉलेज, रामपुर बुशहर में इंटर अकादमी मैच (पुरुष एवं महिला – सीनियर व जूनियर वर्ग) की बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी।

इसी तरह 7 से 9 नवम्बर, 2025 को इंडोर स्टेडियम, बॉयज़ स्कूल, रामपुर बुशहर में उपमंडलीय स्तर (पुरुष एवं महिला ङ्क सीनियर व जूनियर वर्ग) की बैडमिंटन प्रतियोगिता खेली जाएगी।

हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने कहा कि लवी मेला के इस खेल पर्व के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया जाएगा, जिससे वे खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को सशक्त बना सकें।

# 40 लाख से चौड़ी होगी चायली खुर्द सड़क : विक्रमादित्य सिंह

**टैक्सी**

» चायली से बस अड्डा शिमला तक लगाई जाएगी प्राइवेट टैक्सी




**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला शहर के साथ सट्टी ग्राम पंचायत चायली में 40 लाख रुपए की लागत से चौड़ी होने वाली चायली खुर्द सड़क का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की हर पंचायत का समान विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चायली क्षेत्र एक ऐतिहासिक क्षेत्र है जिसका शिमला शहर के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है इसलिए इस पंचायत के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि चायली खुर्द सड़क के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह सरकार के दौरान लगभग 36 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी लेकिन सड़क निर्माण के समय ग्रेडिंग का ध्यान नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि जहां सड़क का सही ग्रेड नहीं है उसे परिवर्तित करते हुए अंतिम छोर तक सड़क को जल्दी से जल्दी चौड़ा किया जाएगा और पासिंग करवाकर बस सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सड़क के मेटलिंग कार्य के लिए शीघ्र बजट का भी प्रावधान किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चायली पंचायत काफी बड़ी पंचायत थी जिसका मुख्यालय टुटू में था। पूर्व में इस पंचायत से कुछ क्षेत्र अलग करके नई पंचायत गीरब खुर्द बनाई गई है लेकिन इस पंचायत का मुख्यालय अभी भी टुटू में ही है जिसे चायली स्थानांतरित करने पर विचार किया जाएगा। पंचायत क्षेत्र के लोगों की मांग पर उन्होंने कहा कि एचआरटीसी द्वारा इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की प्रक्रिया जारी है जब तक बस उपलब्ध नहीं होती तब तक चायली से बस अड्डा शिमला तक प्राइवेट टैक्सी लगाई जाएगी ताकि लोगों को सुबह-दोपहर-शाम आने-जाने की सुविधा मिल सके।

# एसजेवीएन सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 आयोजित

**चेतना**

» सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने से बढ़ती है जागरूकता




**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन के मार्गदर्शन में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशानुसार एसजेवीएन 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक अपनी समस्त परियोजनाओं एवं इकाइयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मना रहा है।

अजय कुमार शर्मा निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन ने कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की शुरुआत की। इस अवसर पर, अजय कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने से कर्मचारियों एवं आम जनता में जागरूकता बढ़ती है, जिससे नैतिक आचरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है तथा व्यक्तिगत और कारोबारी दोनों क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने में सहायता मिलती है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे सतर्कता से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सामूहिक संघर्ष में सहभागी बनें।

## सनोली व घालूवाल में सट्टा लगाते दो काबू

**राजन पुरी**
**ऊना।** जिला ऊना के तहत सनोली व घालूवाल में सट्टा लगाते हुए दो व्यक्तियों को काबू किया है। पुलिस दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला सनोली का है, जहां संतोषगढ़ पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर दीपक कुमार निवासी बनगढ़ से 2580 रुपये के करंसी नोट व पर्ची दडा सट्टा बरामद किए हैं। वहीं दूसरा पुलिस चौकी पंडोगा के तहत घालुवाल का है, जहां पर पुलिस ने युवराज निवासी सलोह से 750 रुपये के करंसी नोट व पर्ची दडा सट्टा बरामद किया हैं। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन जारी करने से पहले होगी फिजिकल वेरिफिकेशन : उपायुक्त

**मकसद**

» उज्ज्वला योजना का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को लेकर जिला स्तरीय उज्जवला समिति की बैठक आज यहां उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

केंद्र के नए नियमों के अनुसार इस योजना के तहत नए गैस कनेक्शन जारी करने से पहले विभाग को फिजिकल वेरिफिकेशन करनी होगी। आवेदनकर्ता की केवाईसी होने के बाद पंचायत सचिवों के माध्यम से फिजिकल वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। इस दौरान निरीक्षण किया जाएगा कि फार्म में जिन बातों को उल्लेख किया गया है वह असल में सही है या नहीं। इसके बाद ही जिला स्तरीय उज्ज्वला योजना समिति के समक्ष आवेदनकर्ताओं का चयन किया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत भारत सरकार एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराती है। एलपीजी कनेक्शन केवल गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों से सम्बंधित महिलाओं को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रति गैस कनेक्शन इस योजना के अनुसार सरकार द्वारा 2050 रुपये वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना का मुख्य उद्देश्य पूरे भारत में स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना है जोकि मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन वितरित करके पूरा किया जा सकता है।

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की

**हामिद खान**
**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा को लेकर आज राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के वीडियो कांफ्रेंस कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक में खंड विकास अधिकारी भटीयात, चुराह, सलूणी तथा पांगी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व योजना (सीएसआर) के अंतर्गत स्कूल तथा आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण कार्य सहित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध रूप से लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुकेश रेपसवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत जारी कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण चरणों के अनुसार जियो टैगिंग की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाए ताकि लाभार्थियों को आगामी धनराशि जारी की जा सके।

# हिमफेड अध्यक्ष महेश्वर चौहान का ऊना में हुआ गर्मजोशी से स्वागत

**आदर**

» कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सर आंखों पर बिठाए पांडु

**राजन पुरी**
**ऊना।** हिमफेड के नवनियुक्त अध्यक्ष महेश्वर चौहान पांडु का सोमवार को ऊना जिला मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सर्किट हाउस ऊना में आयोजित इस स्वागत समारोह में जिला भर से कांग्रेस, युवा कांग्रेस और महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और उत्साहपूर्ण नारों के बीच कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को कंधों पर उठाकर सर्किट हाउस तक ले जाया। इस दौरान युवा कांग्रेस के अलावा काफी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे। हिमफेड के नवनियुक्त अध्यक्ष महेश्वर चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उन्हें किसानों और बागवानों की सेवा करने का जो सुनहरा अवसर प्रदान किया है, उसके लिए वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। उन्होंने कहा कि हिमफेड के माध्यम से प्रदेश के किसानों, बागवानों और ग्रामीण वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। संगठन का उद्देश्य केवल विपणन सुविधाएं प्रदान करना ही नहीं,



बल्कि कृषि उत्पादों को मूल्य संवर्धन के माध्यम से अधिक लाभकारी बनाना भी रहेगा। चौहान ने कहा कि वे सरकार की नीतियों और योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करेंगे, ताकि प्रदेश के हर किसान और बागवान को इन योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।

# घुमारवीं के भदरोग में 12 करोड़ रूपए से होगा बुनियादी औद्योगिक ढांचे का निर्माण: राजेश धर्माणी

**स्टेशन**

-करयालग में 64 करोड़ रूपए की लागत से बनेगा 132 केवी सब स्टेशन



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी सोमवार को ग्राम पंचायत सियूं के अंतर्गत आने वाले गांव भदरोग, कुठाखर और चेरी के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का निरीक्षण किया और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने घोषणा की कि भदरोग में चयनित औद्योगिक क्षेत्र का शीघ्र विकास किया जाएगा, जिसके बुनियादी ढांचे के निर्माण पर लगभग 12 करोड़ रूपए व्यय किए जाएंगे। मंत्री धर्माणी ने कहा कि उद्योग विभाग द्वारा इस परियोजना के लिए तैयार किए गए प्राक्कलन को शीघ्र ही सरकार से स्वीकृति प्राप्त होगी। इस औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, अपशिष्ट जल प्रबंधन और लॉजिस्टिक सेवाओं जैसी मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर विकसित की जाएंगी ताकि औद्योगिक इकाइयों को सुचारू संचालन के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय बिजली आपूर्ति और जल उपलब्धता उद्योगों के विकास की रीढ़ होती हैं और भदरोग औद्योगिक क्षेत्र इन दोनों सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना से न केवल घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे बिलासपुर जिले का औद्योगिक एवं आर्थिक परिदृश्य परिवर्तित होगा। इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगेए

# जिला बिलासपुर में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग-2025 के अंतर्गत 838 विद्यालयों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एसएचवीआर-2025) कार्यक्रम के अंतर्गत बिलासपुर जिला में कुल 838 सरकारी एवं निजी विद्यालयों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित बनाई है। उन्होंने बताया कि यह पहल पूर्व में संचालित श्स्वच्छ विद्यालय पुरस्कारश् कार्यक्रम का विस्तारित एवं सार्वभौमिक संस्करण है, जिसका उद्देश्य विद्यालयों को स्वच्छताए स्वच्छ व्यवहार एवं पर्यावरणीय स्थायित्व के मॉडल के रूप में विकसित करना है। उपायुक्त राहुल कुमार बचत भवन में इस संदर्भ में गठित जिला स्तरीय समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसएचवीआर.2025 के अंतर्गत विद्यालयों को छह थीमेटिक क्षेत्रों जिनमें जल, शौचालय, हाथ धोना, संचालन एवं अनुरक्षण, व्यवहार परिवर्तन एवं क्षमता निर्माण तथा मिशन लाइफ से संबद्ध हरित पहल के आधार पर 5.स्टार रेटिंग प्रणाली से आंका गया है। बिलासपुर जिला में कुल 793 सरकारी एवं 43 निजी विद्यालयों ने 4 अगस्त से 15 अक्तूबरए 2025 के बीच एसएचवीआर पोर्टल अथवा मोबाइल एप के माध्यम से स्व.मूल्यांकन पूरा किया तथा मूल्यांकन के आधार पर इन विद्यालयों ने स्वयं को एक से पांच सितारा श्रेणी में वर्गीकृत किया है। स्व.मूल्यांकन में जिला के 27 स्कूलों ने स्वयं को 5 स्टारए 491 स्कूलों ने चार स्टारए 318 स्कूलों ने तीन स्टार तथा दो स्कूलों ने दो स्टार पर स्वयं को रखा है। जिनमें 813 स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों तथा 25 शहरी क्षेत्रों में शामिल हैं। राहुल कुमार ने बताया कि 51 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अर्थात 3.स्टार एवं उससे उच्च श्रेणी के विद्यालयों को जिला स्तर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। स्व.मूल्यांकन में तीन स्टार और इससे ऊपर मूल्यांकित स्कूलों के निरीक्षणए मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण करने के लिए जिला स्तरीय समिति निरीक्षण का कार्य करेगी

# साहित्य लेखन सिर्फ़ शब्दविलास और सौंदर्य भर नहीं...एक ज़िम्मेदारी: डा. विजय विशाल

**आयोजन**

भाषा विभाग एवं सुकेत साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद द्वारा साहित्य चर्चा और कवि सम्मेलन का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** भाषा एवं संस्कृति विभाग और सुकेत साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर में साहित्य चर्चा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडी, सुंदरनगर, कुल्लू और बिलासपुर से आए करीब साठ साहित्यकारों ने शिरकत की। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार रवींद्र कुमार शर्मा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की, विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि गणेश गनी, शायर रवि राणा शाहीन और सुशील पुंडीर मौजूद रहे। जबकि जिला भाषा रेवती सैनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कवि आलोचक डा. विजय विशाल ने वर्तमान समय में लेखकों की भूमिका विषय पर प्रपत्र पढ़ा। वहीं पर वरिष्ठ साहित्यकार गंगाराम राजी ने हास्य-व्यंग्य से भरपूर कहानी दो भाई का पाठ किया। डा. विजय विशाल ने कहा कि हिंदी समाज भयावह आत्ममुग्धता में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा कि हिंदी के लेखक की दुनिया तेजी से सिमटती जा रही है...आज पूंजी ने लेखक की सामाजिक भूमिका का ही निषेध कर दिया है। ऐसे दौर में जब लेखक हर जगह फालतू चीज साबित किया जा रहा है तब उसके अस्तित्वगत और अस्मितामूलक भविष्य के लिए भी उसकी सामाजिक भूमिका की खोज बहुत जरूरी है। उन्होंने कि साहित्य लेखन सिर्फ़ शब्दविलास और सौंदर्य भर नहीं...एक ज़िम्मेदारी है। साहित्यिक रचना के माध्यम से व्यक्त होने वाले किसी भी अनुभव में विचारधारा एक आधारभूत आयाम के रूप में होती है

## बिंगा में कचालू की बंपर पैदावार, किसान भी खुशहाल

सरकाघाट। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिंगा के किसान इस वर्ष अरबी (कचालू) और अदरक की बंपर फसल से गदगद हैं। बरसात अधिक होने के बावजूद इस बार पैदावार अपेक्षाकृत बेहतर रही है। बिंगा गांव के किसानों द्वारा पूरी तरह जैविक खेती की जाती है । वे रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करते, बल्कि कैंचुआ पिट से तैयार की गई जैविक खाद से अपनी फसलें उगाते हैं। इसी वजह से यहां की अरबी और कचालू का स्वाद पूरे क्षेत्र में अलग पहचान रखता है। यहां के कचालू रेशेदार नहीं होते और स्वाद में अत्यंत लाजवाब माने जाते हैं। यही कारण है कि प्रदेश के अन्य जिलों व बाहर के लोग भी इन्हें खरीदने के लिए बिंगा पहुंच रहे हैं।

# परपंराओं व संस्कृति से जुड़े रहने से पहचान बनी रहेगी अटूट: संतोष पटियाल

**मुख्यातिथि**

अंतर्राज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव के दूसरे दिन पुलिस महानिरीक्षक (इंटेलिजेंस) बने मुख्यातिथि




**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर बिलासपुर में चल रहे अंतर्राज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव के दूसरे दिन बिलासपुर लोक गीतों, नृत्यों और पारंपरिक धुनों से सराबोर रहा। मंच पर जब कलाकारों ने ढोल.नगाड़ों की थाप पर कदम मिला तो पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष पटियाल पुलिस महानिरीक्षक (इंटेलिजेंस) हिमाचल प्रदेश तथा विशेष अतिथि के रूप में संदीप धवल पुलिस अधीक्षक बिलासपुर और शिव चैधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संतोष पटियाल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि लोक संस्कृति हमारी आत्मा है। जब तक हम अपनी परंपराओं, गीतों और नृत्यों से जुड़े रहेंगे, तब तक हमारी पहचान अटूट रहेगी। संदीप धवल पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे की भावना को सशक्त करते हैं।

# बिलासपुर में अभिज्ञानम् लाइब्रेरी में ध्यानम अकादमी का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** बिलासपुर स्थित अभिज्ञानम् लाइब्रेरी में ध्यानम अकादमी का औपचारिक शुभारंभ किया गया। यह अकादमी विशेष रूप से एचएएस (हिमाचल प्रशासनिक सेवा) सहित अन्य राज्य एवं केंद्रीय सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित है। इस अवसर पर एचएएस अधिकारी भास्कर कालिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि सही दिशा में सतत प्रयास और मार्गदर्शन से हर विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकता है। कालिया ने विद्यार्थियों को आत्मअनुशासन, निरंतर अध्ययन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी। ध्यानम अकादमी का उद्देश्य बिलासपुर और आस.पास के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करना है। यहां विषयवार कक्षाओं के साथ.साथ टेस्ट सीरीज, इंटरव्यू गाइडेंस, करंट अफेयर्स डिस्कशन, और पर्सनल मेंटरशिप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अकादमी का फोकस केवल परीक्षा की तैयारी तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास और एथिकल डायमेंशन (नैतिक मूल्यों) पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक और संवेदनशील प्रशासक बन सकें। इस शुभारंभ समारोह में कई विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षाविद् उपस्थित रहे

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मिनर्वा स्कूल के खिलाड़ियों का जलवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के छात्र खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी छात्रों ने मेडल हासिल कर स्कूल का नाम चमकाया। मयंक सूर्यवंशी ने लॉन्ग जम्प में सिल्वर मैडल अपने नाम किया। वहीं सुजल शर्मा ने ट्रिपल जम्प में सिल्वर मैडल हासिल किया। मयंक सूर्यवंशी ने जेवलिन थ्रो में सिल्वर मैडल, मानवेन्द्र ठाकुर ने ब्रॉन्ज मैडल आपने नाम किया। चार सौ मीटर रीले रेस में मोहित राणा, मयंक सूर्यवंशी, नवीन परमार, आयुष शर्मा ने ब्रॉन्ज मैडल हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश चंदेल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल प्रदान करते हैं बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। प्रधानाचार्य ने छात्रों से विभिन्न खेल और गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें।6

### बिलासपुर में गुरिल्ला संगठन की बैठक संपन्न

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर



बिलासपुर। सोमवार को ग्रामीण बेरोजगार प्रशिक्षित एसोसिएशन (गुरिल्ला संगठन) द्वारा जिला बिलासपुर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में जिला के संगठनाध्यक्ष हीरा पाल चैहान की अध्यक्षता में एक आपातकालीन बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 04.11.2025 को माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली में विचाराधीन गुरिल्लाओं के सन्दर्भ में सुनवाई तथा सुनवाई से पहले अपनी त्रुटियों की दुरुस्ती को दूर करने पर चर्चा करना था तथा अन्य कई मुद्दों के ऊपर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि व्यक्ति इस संगठन से जुड़े है, वह दो दिनों के भीतर अपने उपस्थिति दर्ज करवाएं। इस बैठक में प्रेम लाल, सुरेश कुमार, भगत राम, रोशन लाल, राम लाल, शेर सिंह, वी राजेश कुमार सहित दर्जनों संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

### जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बरठी स्कूल का दबदबा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बरठीं स्कूल के छात्र अनमोल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉटपुट और डिसकस थ्रो में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। विद्यालय पहुंचने पर अनमोल का शिक्षकों व छात्रों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन ने अनमोल को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा ने छात्र अनमोल के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों में भी बढ़.चढ़कर भाग लें ताकि वे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें।

### फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 6.0 के तहत सीआईएसएफ यूनिट ने किया प्लॉगिंग कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर।

फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 6.0 और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी कोलडैम द्वारा सोमवार को प्लॉगिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने किया। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने कोलडैम व्यू पॉइंट तक रनिंग करते हुए आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया और पर्यावरण स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के जवानों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने दौड़ते हुए रास्ते में फैले प्लास्टिक और कचरे को एकत्रित किया

## पैंशनर्ज की देनदारियां देने में टालमटोल कर रही है सरकार: सीआर वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**



**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर के संयोजक चेत राम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा हैं कि सरकार के पेंशनरों की देनदारियां देने के लिए टाल मटोल कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार के इतिहास में पहली बार हुआ हैं कि अपने हक्कों के लिए बजुर्ग पेंशनरों को सड़कों पर उतरना पड़ा हैं जैसा कि फरवरी और सितम्बर 2024 में पुरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन किया था, तभी प्रदेश के पेंशनरों को महंगाई भत्ते की किस्तें मिली थी लेकिन एरियर आजतक नहीं मिल पाया हैं। सीआर वर्मा ने कहा हैं कि सरकार को बार बार चेतावनी देने के बाद भी पेंशनरों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया, जिसकी वजह से सरकार को मांगो के बारे नोटिस देने के बाद 17 अक्टूबर 2025 को पुरे प्रदेश में जिला के मुख्यालय पर सरकार की अनदेखी के विरुद्ध सभी सेवानिवृत पेंशनर्स जिसमे बोर्ड, कार्पोरेशन सहित अन्य सभी विभागों के लगभग बीस से अधिक संगठनों व एसोसिएशन के पेंशनरों ने बढ़चढ़कर धरना प्रदर्शन में भाग लेते सरकार के विरुद्ध नारे बाजी के साथ आवाज बुलंद करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर तक भाग लिया लेकिन सरकार के कान में आजतक जूँ तक नहीं रेंग पाई हैं। इसी को मध्यनजर रखते हुए अगली रणनीति बनाने के लिए प्रदेश स्तरीय हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक 7 नवंबर 2025 को जिला बिलासपुर में जिला परिषद हॉल में होने जा रही हैं क्योंकि हिमाचल प्रदेश के सभी गरीब 68 माननीयों ने जिसमे मुख्यमंत्री, विधायकों व चेयरमैन सहित ने अपने वेतन व भत्ते तीस प्रतिशत के हिसाब से बढ़ा लिए हैं लेकिन जब जनता व पेंशनरो की देन दारियों की बात आती हैं तो सरकार के खजाने खाली हो जाते हैं। जिला संयोजक चेत राम वर्मा ने कहा है कि वो समय दूर नहीं हैं जब प्रदेश का पेंशनर्स, बेरोजगार व जनता इन माननीयों का सड़कों व हर चैराहे पर घेरकर विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे और जनता के विरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार ने 4-4 प्रतिशत की दो महंगाई भत्ते की किस्तों पर फ्लैओवर डालकर 3 प्रतिशत किस्त देकर पेंशनरों के साथ अन्याय किया हैं इसलिए 3 प्रतिशत की बजाय 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते की संशोधित अधिसूचना जारी की जाए।

## राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एस.पी कत्याल ने बैठक की अध्यक्षता की

किन्नौर। हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एस.पी कत्याल ने आज किन्नौर जिला के रिकांग पिओ स्थित उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में जिला अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. एस.पी कत्याल ने इस अवसर पर जनजातीय जिला किन्नौर में सर्दी एवं बर्फबारी के लिए जिला प्रशासन से खाद्य आपूर्ति स्टॉक का विस्तृत ब्यौरा प्राप्त किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि हर आपात स्थिति से तत्काल प्रभाव से निपटा जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने उचित मूल्यों की दुकानों में गुणवत्तायुक्त सस्ता राशन तथा पर्याप्त स्टाफ पर विस्तृत चर्चा की

# खो-खो प्रतियोगिता में सदर खंड बना विजेता

**सम्पन्न**

-जुखाला में जिला स्तरीय ओपन खो खो प्रतियोगिता संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** जिला एमेच्योर खो खो एसोसिएशन बिलासपुर के तत्वाधान में आयोजित अंडर 14 बॉयज एवं अंडर 18 गर्ल्स ओपन जिला स्तरीय प्रतियोगिता जुखाला में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में सदर खंड के खिलाडियों ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में खिताब अपने नाम किए। इस बारे में जानकारी देते हुए संगठन के जिला मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। तथा सभी मैच नॉकआउट आधार पर खेले गए। अंडर 14 वर्ग में सदर खंड विजेता तथा झंडूता खंड उप विजेता रहा। इस वर्ग में अजय मराठा को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। वहीं अंडर 18 गर्ल्स वर्ग में सदर खंड विजेता तथा घुमारवीं खंड उप विजेता बना। इसमें उर्वशी को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवानिवृत्ति शारीरिक अध्यापक एवं समाजसेवी रामपाल धीमान ने किया। जबकि समापन अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी, क्लास कांट्रेक्टर तथा अपने समय के बेहतरीन खिलाड़ी रहे रामलाल ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। एसोसिएशन की तरफ से जिलाध्यक्ष पवन ठाकुर की अगुवाई में उन्हें शॉल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट

# सरकाघाट व सुंदरनगर में आपदा जोखिम न्यूनीकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जानकारी**

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई आपदाओं से बचाव की जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य और सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सहयोग से समर्थ-2025 अभियान के अंतर्गत जवाहर पार्क सामुदायिक भवन परिसर एवं धनोटू, सुंदरनगर में आपदा जोखिम न्यूनीकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध जालपा कला मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के प्रति जागरूक किया। कलाकारों ने नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सुरक्षित भवन निर्माण, प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, आगजनी की स्थिति में सतर्कता तथा भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों ने यह संदेश भी दिया कि नदी-नालों के समीप घरों का निर्माण न किया जाए और आपदा की स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में जालपा कला मंच के कलाकारों के साथ स्थानीय नागरिकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। इस अभियान के तहत उपमण्डल सरकाघाट के पुराने बस अड्डा और राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में हिमाचल संगीत कला केन्द्र मंच तथा राजकीय महाविद्यालय बल्द्वाड़ा में राधिका म्यूजिकल ग्रुप खुडला के कलाकारों ने जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया।

# फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 6.0 के तहत सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी कोलडैम ने किया प्लॉगिंग कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 6.0 और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी कोलडैम द्वारा सोमवार को प्लॉगिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने किया। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने कोलडैम व्यू पॉइंट तक रनिंग करते हुए आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया और पर्यावरण स्वच्छ रखने का संदेश दिया कार्यक्रम में सीआईएसएफ के जवानों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने दौड़ते हुए रास्ते में फैले प्लास्टिक और कचरे को एकत्र किया तथा उसे उचित तरीके से निस्तारित किया। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने कहा कि फिटनेस और स्वच्छता दोनों ही एक स्वस्थ समाज की नींव हैं। उन्होंने सभी जवानों से आग्रह किया कि वे अपने आस-पास की स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान विजिलेंस अवेयरनेस वीक की शुरुआत भी की गई। इस अवसर पर डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने सभी बल सदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी और निष्ठा से करने का आह्वान किया।

# दयोली घागस की बेटी शिवांशी का मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर घागस में अध्ययनरत नौनिहाल शिवांशी के मॉडल ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल कर न सिर्फ स्कूल और क्षेत्र बल्कि जिला का नाम रोशन किया है। शिवांशी सरस्वती विद्या मंदिर घागस में पांचवी कक्षा की छात्रा है। उन्होंने यह उपलब्धि उत्तर क्षेत्रीय विज्ञान गणित एवं संगणक मेला शारदा सर्वहितकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैक्टर-40डी चण्डीगढ़ में हासिल की। चंडीगढ़ में यह आयोजन 25 से 27 अक्तूबर तक चला। शिशु वर्ग विज्ञान प्रदर्श में नेशनल लेवल पर दूसरे स्थान पर आना गौरव का विषय है। स्कूल में बेटी की इस उपलब्धि से उत्सव का माहौल है। शिवांशी ने बताया कि उनकी माता दिव्या तथा पिता ऋषभ की प्रेरणा और शिक्षिका ऊमा देवी और शिक्षक मुनीश वर्मा के अनुभवी मार्गदर्शन से यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि पहले कंदरौर में खंड स्तर के विज्ञान मेले में उनके मॉडल को प्रथम स्थान मिला तथा इसके लिए जिलास्तर और तत्पश्चात कुल्लु में संपन्न राज्य स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता में उन्हें उत्कृष्ट स्थान मिला। राष्ट्रीय स्तर पर तीन मॉडल चयनित हुए थे, जिसमें शिवांशी के मॉडल को द्वितीय स्थान मिला है।

# किसानों को उन्नत खेती की राह दिखा रही जाइका कृषि परियोजना

**प्रदर्शन**

विशेषज्ञ टीम ने मंडी के खेतों में किसानों के साथ किया प्रदर्शन बुआई कार्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी।** किसानों की आय बढ़ाने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जापान अंतर्राष्टीय सहयोग एजेंसी (जाइका) की कृषि परियोजना की विशेषज्ञ टीम इस सप्ताह मंडी जिले के खेतों में उतरी। टीम ने जिला परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी और खंड परियोजना प्रबंधन इकाई गोहर के अधिकारियों के साथ मिलकर गधिमन-मझोठी तथा सूरथी-थाची उप परियोजनाओं के अंतर्गत गेहूं और मटर की फसलों के प्रदर्शन खेत तैयार किए। विशेषज्ञों ने किसानों के साथ मिलकर बुआई कार्य किया और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने के लिए उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। परियोजना का उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज, जैविक उपायों और मिट्टी सुधार तकनीकों से जोड़कर फसल उत्पादकता और आय में वृद्धि करना है।

# खेलों से युवाओं में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का होता है विकास-रोहित ठाकुर

**शुभारंभ**

चार दिवसीय 66वीं राज्य स्तरीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का किया विधिवत शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ खेलों को भी विशेष महत्व दे रही है। रोहित ठाकुर आज यहां हिमाचली स्कूली क्रीड़ा संगठन एवं प्रदेश शिक्षा विभाग के सौजन्य से 19 वर्ष से कम आयुवर्ग की 66वीं राज्य स्तरीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का दीप प्रज्जवलन कर विधिवत शुभारम्भ करने के उपरांत खिलाड़ियों व अन्य लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। चार दिवसीय 66वीं राज्य स्तरीय 19 वर्ष से कम आयुवर्ग के छात्र माइनर खेलकूद प्रतियोगिता में 12 ज़िला व खेल छात्रावास के 650 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हिमाचल अंडर-19 स्कूल स्टेट माइनर गेम्स-2025 में कुराश, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो व ठोडा सहित पांच खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। रोहित ठाकुर ने कहा कि चार दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागी खेल को खेल की भावना और अनुशासन के साथ खेलें। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है। खेलों से जहां युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है वहीं त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का भी विकास होता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने और खेल संस्कृति व खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों तथा पैरा एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए स्वर्ण पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए इसे 50 लाख रुपए से बढ़कार 04 करोड़ रुपए किया गया है। रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए के स्थान पर अब 2.50 करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक के लिए 20 लाख रुपए से बढ़कार 1.50 करोड़ रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र मण्डल खेलों तथा पैरा राष्ट्र मण्डल खेलों में गौरव हासिल करने वाले खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक जीतने पर 50 लाख रुपए के स्थान पर 03 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए के स्थान पर 02 करोड़ रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपए की जगह 01 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी जा रही है।

## कबीर पंथ कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन करके सुख की सरकार ने दिया कबीर पंथी समाज को तोहफा

कांगडा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी के द्वारा कबीरपंथी कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन कर अधिसूचना जारी करने से पूरे प्रदेश में कबीर पंथी समाज में अपार हर्ष और उत्साह की लहर दौड़ गई है।

यह निर्णय समाज के सामाजिक तथा आर्थिक विकास एवं स्टार्टअप की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

सभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मस्तराम जी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू जी के दूरदर्शी नेतृत्व और संतुलित विकास की सोच के फलस्वरूप ही हिमाचल प्रदेश में सामाजिक कल्याण, सामाजिक न्याय और बहुआयामी विकास के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयां प्राप्त हो रही हैं। प्रदेश में हो रहे चौतरफा विकास कार्य का श्रेय मुख्यमंत्री सुक्खू जी की जन-कल्याण नीतियों को जाता है। सभा ने यह भी कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने कबीर पंथी समाज को प्रदेश के विकासात्मक कार्यों में प्रतिनिधित्व देकर पूरे समाज का दिल जीत लिया है,

# धर्मशाला में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता रैली लेट्स बीट ब्रेस्ट कैंसर का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला।** विश्वभर में 17000 से अधिक चिकित्सकों की सदस्यता वाला गैर लाभकारी संगठन फिज़िशियन्स कमेटी फॉर रिस्पॉन्सिबल मेडिसिन (पीसीआरएम)ने धर्मशाला स्थित मैक्सिमस मॉल में लेट्स बीट ब्रेस्ट कैंसर रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विशेषज्ञों,कैंसर सर्वाइवर्स और आम नागरिकों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य था ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम में प्लांट.बेस्ड आहार और स्वस्थ जीवनशैली की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना। ग्लोबोकॉन 2022 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब ब्रेस्ट कैंसर सबसे अधिक रिपोर्ट किए जाने वाले कर्क रोगों में से एक है।स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में ब्रेस्ट कैंसर के मामले 2019 में 1310 से बढ़कर 2023 में 1437 हो गए जबकि मृत्यु




दर 487 से बढ़कर 535 तक पहुंच गई।यह चिंताजनक वृद्धि इस बात की ओर इशारा करती है कि रोकथाम पर केंद्रित स्वास्थ्य अभियानों की तत्काल आवश्यकता है।लगभग 40 प्रतिभागियों की उपस्थिति में आयोजित रैली की शुरुआत ढोल की थाप पर हुए मार्च से हुई। इसके बाद पीसीआरएम की फूड फॉर लाइफ प्रशिक्षक अर्चना साराफ द्वारा प्लांट.बेस्ड पौष्टिक व्यंजनों का लाइव डेमो आयोजित किया गया।रैली के दौरान चार मुख्य बिंदुओं पर आधारित कैंसर रोकथाम रणनीति पर बल दिया गया 1-संपूर्ण प्लांट.बेस्ड आहार अपनाना,2-नियमित शारीरिक व्यायाम,3- अल्कोहल का सेवन सीमित रखना,4- स्वस्थ वजन बनाए रखना शोध बताते हैं इन सभी उपायों से ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को काफ़ी हद तक कम किया जा सकता है।अर्चना साराफ ने कहा हम रोज़ क्या खाते हैं इसका हमारे स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव पड़ता है।सब्ज़ियों,फलों, साबुत अनाज और दालों से भरपूर प्लांट.बेस्ड आहार न केवल वजन नियंत्रित रखता है बल्कि एस्ट्रोजेन स्तर को घटाता है

# भारतीय जनता पार्टी जिला सोलन की परिचय बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला सोलन की परिचय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रतन पाल ने की। इस बैठक में सह जिला प्रभारी वंदना योगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल, तथा शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी अक्षय भरमौरी भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रतन पाल ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और बताया कि भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा का सोलन जिला प्रवास 2 नवंबर से



प्रारंभ होगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आगामी कार्यक्रमों को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। सह जिला प्रभारी वंदना योगी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे संगठन की रीढ़ हमारे कर्मठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की विचारधारा और कार्यों का विस्तार केवल जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही संभव है। पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल जी ने 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है,

## जोखिम भरा हुआ एनएच 07 पर सफर करना: राकेश गर्ग

एसपी जैरथ

नाहन। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने कहा कि एनएच 07 कालाअम्ब पाँवटा साहिब की दयनीय स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा है कि इस सड़क पर सफर करना बेहद जोखिम भरा हो गया है मगर हैरानी इस बात को लेकर है कि इस सड़क का मरम्मत कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान इस सड़क को बड़ा नुकसान पहुंचा है और जगह-जगह इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं मगर सड़क के देने हालत को लेकर ना तो NH प्रबंधन और ना ही स्थानीय प्रशासन गंभीर है। जिसकी लापरवाही का खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

# युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर (द्वितीय बैच) का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) सोलन द्वारा आयोजित सात दिवसीय यूवा आपदा मित्र (Yuva Aapda Mitra) प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय बैच का शुभारंभ आज दिनांक 27 अक्तूबर, 2025 को डॉ. वाई.एस. परमार उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (UHF) नौणी में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशालय विस्तार शिक्षा के निर्देशन में तथा हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (HPSDMA) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 70 यूवा आपदा मित्र स्वयंसेवक (41 युवक एवं 29 युवतियाँ) भाग ले रहे हैं, जिन्हें आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त सोलन, श्री राहुल जैन (IAS) द्वारा किया गया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में श्री जैन ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल सरकारी विभागों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यूवा आपदा मित्र योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उन्हें आपदा के समय समाज की सहायता हेतु सक्षम बनाना

## संक्षिप्त खबरें

### कांगड़ा में पुलिस कल्याण सप्ताह-2025 विविध जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न

टीम एक्शन इंडिया

धर्मशाला। जिला कांगड़ा में 21 से 27 अक्टूबर तक आयोजित पुलिस कल्याण सप्ताह-2025 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान पुलिस विभाग ने जनसंपर्क, जनजागरूकता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए। सप्ताह की शुरुआत 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर हुई, जब पुलिस लाइन धर्मशाला में परेड आयोजित की गई। इस अवसर पर कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी गई और गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत कर उन्हें सम्मानित किया गया। 22 अक्टूबर को जिले के सभी थानों में जनसंपर्क शिविर लगाए गए। इनमें आम नागरिकों, सड़क सुरक्षा क्लबों और नशा निवारण समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। शिविरों का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत बनाना था। 23 अक्टूबर को विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने पुलिस थानों का भ्रमण किया और पुलिस की कार्यप्रणाली, अपराध जांच प्रक्रिया तथा यातायात नियमों की जानकारी प्राप्त की। 24 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पुलिस लाइन धर्मशाला में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 50 से अधिक पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों की जांच की गई। चिकित्सकों ने तनाव प्रबंधन और स्वस्थ जीवनशैली पर सुझाव दिए। 25 अक्टूबर को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के शैक्षणिक संस्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया और नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया।

### कलाकारों ने लोगों को गीत-संगीत व नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आपदा से बचाव के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सम्बद्ध कलाकारों ने आज ज़िला सोलन के विभिन्न क्षेत्रों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आपदा के दौरान सुरक्षा एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पूजा कला मंच बाड़ीधार के कलाकारों ने आज कुनिहार विकास खण्ड की ग्राम पंचायत प्लानियां तथा नगर पंचायत अर्की में लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया। कलाकारों ने नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को अवगत करवाया कि भूकम्प के झटके महसूस होने पर शांत रहें व हड़बड़ी न करें, यदि भीतर हों तो खिड़कियों व शीशे के दरवाजों से दूर रहे, भूकम्प के 5-10 मिनट बाद तक अपनी सुरक्षित जगह से न हटें क्योंकि भूकम्प के बाद भी झटके आने की सम्भवना बनी रहती है। कलाकारों ने अवगत करवाया कि चोट लगने पर प्राथमिक उपचार करें, भवन के अन्दर न जाएं व विद्युत उपकरणों का प्रयोग न करें तथा प्रशासन की ओर से समय-समय पर जारी निर्देशों की अनुपालन करें।

पर्वतीय लोक मंच दाड़वा के कलाकारों ने कसौली विकास खण्ड के सुबाथू तथा कसौली में गीत-संगीत के माध्यम से आपदा से बचाव के गुर बताएं। उन्होंने गीत के माध्यम से लोगों को भूस्खलन से जान-माल की रक्षा के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने लोगों को आपातकालीन स्थिति में प्रयोग आने वाले हेल्पलाइन नम्बरों की भी जानकारी दी।

इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बथालग की प्रधानाचार्य उपासना सूद, उप प्रधानाचार्य देवी चन्द ठाकुर, अध्यापक, छात्र, नगर पंचायत अर्की से अभिनव सहित ग्रामीण व छात्र उपस्थित थे।

# बनकला स्कूल के तीन छात्र व तीन छात्राओं का राज्य स्तर के लिए चयन



**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनकला के -14 छात्र व छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मनन भाटिया ने चैस खो -खो,आर्यन चौहान, समीर ,आरुष ने खो -खो व एथलेटिक में, नाहन खण्ड का प्रतिनिधित्व किया। आरुष ने ऊंची कूद में गोल्ड मेडल, डिस्कस थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आरुष राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में धर्मशाला ( कांगड़ा ) में जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेगा,अर्चना ने कबड्डी, आराध्या, चारु शर्मा, मानवी, जीविका, तपस्या ने खो-खो, एथेलेटिक्स, प्रियांशी शर्मा, श्रेया शर्मा, यशस्वी ने चैस में नाहन खण्ड का प्रतिनिधित्व किया जिसमें जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। -19 छात्र व छात्राओं की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में लक्ष्य, अक्षत, दिव्यांश,अरुण,ने एथलेटिक में भाग लिया जिसमें लक्ष्य ने ट्रिपल जंप में गोल्ड मेडल, अक्षय ने जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल, ट्रिपल जंप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया । लक्ष्य , अक्षत राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमृता ने कुश्ती में गोल्ड मेडल, कृतिका, वंशिका, रिया , साक्षी ने चैस की ट्रॉफी पर कब्जा किया। तीन छात्राओ ने राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें अमृता ने कुश्ती में कांस्य पदक हासिल किया। प्रधानाचार्य प्रीति तनवर और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ऋषि पाल जी के द्वारा सभी खिलाड़ी छात्र व छात्राओं को और शारीरिक शिक्षक तारा चन्द, आदि।

# नशे के कारोबारियों की कमर तोड़ने में सोलन पुलिस बनी नंबर वन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष**

**सोलन।** सोलन जिला पुलिस ने नशे के कारोबार से जुड़ी अवैध संपत्तियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बीते एक वर्ष में 37 आरोपितों से जुड़ी ?15 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्तियां जब्त की हैं। पुलिस की यह कार्रवाई एनडीपीएस अधिनियम के तहत की गई वित्तीय जांच के बाद संभव हुई है। यह जानकारी सोलन के एसपी गौरव सिंह ने दी। इन जब्त संपत्तियों में सबसे बड़ी कार्रवाई कुनिहार थाना क्षेत्र से सामने आई है, जहां पुलिस ने एक मामले में मुख्य आरोपित और उसके सहयोगियों की ?6.34 करोड़ से



अधिक की अवैध संपत्तियां जब्त की हैं। यह मामला कुख्यात तस्कर धनिराम उर्फ गल्लू से संबंधित है, जो लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में सक्रिय था। धनिराम को पुलिस ने 1.6 किलोग्राम चरस और 1.6 किलोग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपित ने नशे के पैसों से आलीशान पांच मंजिला मकान, एक रेस्टोरेंट और होमस्टे का निर्माण किया था। इसके अलावा उसके पास से कई व्यावसायिक वाहन, अन्य गाड़ियां, सोने के आभूषण तथा बैंक खातों में जमा नकदी भी बरामद हुई। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के अवैध कारोबार की जड़ तक पहुंचने और अपराध से अर्जित संपत्तियों को जब्त करने की दिशा में एक अहम कदम है। सोलन पुलिस ने ऐसे मामलों पर निगरानी बढ़ा दी है ताकि नशे के व्यापार को आर्थिक रूप से कमजोर किया जा सके।

## कांगड़ा के बाद अब शाहपुर में गरजेगा ओबीसी, 9 नवंबर को होगा महाधिवेशन

टीम एक्शन इंडिया

कांगडा। हिमाचल प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को लेकर चल रहा आंदोलन अब और तेज़ होने जा रहा है। बीते 20 सितंबर को कांगड़ा से धर्मशाला तक की ऐतिहासिक रैली के बाद ओबीसी संघर्ष समिति अब शाहपुर में शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है। समिति ने घोषणा की है कि आगामी 9 नवंबर को शाहपुर के छिंज मेला ग्राउंड, रजोल में ओबीसी महाधिवेशन आयोजित किया जाएगा। ओबीसी संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष सौरभ कौंडल ने जानकारी दी कि ओबीसी समुदाय की 20 सूत्रीय मांगों पर न तो प्रदेश की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार और न ही विपक्ष में बैठी भाजपा ने अब तक कोई स्पष्ट रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि ओबीसी के नाम पर वोट मांगकर सत्ता तक पहुंचने वाले नेता आज चुप्पी साधे हुए हैं। जनता आने वाले चुनावों में ऐसे नेताओं को जवाब देगी। कौंडल ने बताया कि आगामी महाधिवेशन में ओबीसी के भविष्य की रणनीति तय की जाएगी और शाहपुर इकाई कार्यक्रम की आयोजक होगी। उन्होंने कहा कि कांगड़ा की रैली ने सरकार और विपक्ष दोनों को सोचने पर मजबूर किया था, अब शाहपुर का अधिवेशन ओबीसी एकता की नई दिशा तय करेगा। ओबीसी संघर्ष समिति के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 93वें संविधान संशोधन (2005) के तहत सभी शिक्षण संस्थानों में ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए।

## ग्राम सभा चलवाड़ा-01 के मतदाताओं के नामों के स्थानांतरण संबंधी सूचना

धर्मशाला। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जानकारी दी है कि खण्ड विकास अधिकारी फतेहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा चलवाड़ा-01 के 912 मतदाताओं के नाम ग्राम सभा चलवाड़ा-02 में दर्ज पाए गए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में, इन मतदाताओं के नामों को ग्राम सभा चलवाड़ा-01 की मतदाता सूची में स्थानांतरित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 20(4) के प्रावधानों के अनुसार, ग्राम सभा चलवाड़ा-01 के सभी संबंधित मतदाताओं को सूचित

# कलोग गांव के दो जोड़ों ने वैदिक मंत्रों के बजाय 'संविधान' को साक्षी मानकर लिए सात वचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**एसपी जैरथ**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश का सिरमौर जिला, विशेष रूप से शिलाई विधानसभा क्षेत्र, एक बार फिर अपने प्रगतिशील और अनूठे सामाजिक संदेश के कारण देश भर में चर्चा का विषय बन गया है। कुछ महीने पहले 'हाटी' समुदाय की 'जोड़ीदार प्रथा' (बहुपति विवाह) के तहत दो सगे भाइयों के एक ही युवती से विवाह ने सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं अब इसी क्षेत्र में बिना पंडित और बिना वैदिक मंत्रों के संविधान को साक्षी मानकर एक अनोखा विवाह संपन्न हुआ है। यह अनोखी शादी सिरमौर जिले की नैनीधार पंचायत के कलोग गांव में केदार सिंह के परिवार द्वारा आयोजित की गई। इस विवाह समारोह ने धार्मिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए संविधान और मानवता के मूल्यों को प्राथमिकता दी। केदार सिंह के सुपुत्र सुनील कुमार का



विवाह रोनहाट उप तहसील के लानी बोराड के कटाही की रितु देवी के साथ हुआ, जबकि उनके दूसरे सुपुत्र विनोद कुमार का विवाह शिलाई तहसील के नाया की रीना वर्मा के साथ संपन्न हुआ। इस विवाह की सबसे खास बात यह रही कि आमंत्रण पत्र (शादी का कार्ड) पर भी एक तरफ महात्मा बुद्ध और दूसरी तरफ संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की तस्वीर दर्शाई गई थी, जो परिवार द्वारा अपनाए गए बौद्ध धर्म और सामाजिक समानता के संदेश को स्पष्ट करता है। विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों ने सात फेरों की जगह, संविधान को साक्षी मानकर एक-दूसरे को वर माला पहनाई और अपने नए जीवन की शपथ ली। नाहन डाइट के लेक्चरर एवं स्कूल प्रवक्ता संघ के अध्यक्ष डॉ. आईडी राही ने, जो इस समारोह के साक्षी बने, बताया कि शादी समारोह में संविधान की किताब को साक्षी माना गया। हालांकि, बाकी परंपराएं जैसे मामा का स्वागत और मेहंदी रस्म आम शादी की तरह ही निभाई गईं, लेकिन सात फेरे नहीं लिए गए।

# सरकार मूलभूत सुविधाएं देने में नाकाम-पुंडीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाल**

**कसौली।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधाएं देने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं ।आलम यह है कि पीने के पानी के लिए भी आंदोलन की राह अपनाने पर मजबूर होना पड़ रहा है । कसौली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटी -नांब के धारटी क्षेत्र के करीब तेरह गांवों की आबादी पिछले करीब दो सप्ताह से पेयजल के लिए तरस रही है । क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति न होने के कारण लोगों में सरकार व विभाग खिलाफ रोष भड़क रहा है । जिसके कारण लोग अब बड़े आंदोलन की तैयारी में है । धारटी क्षेत्र के समाज सेवी एवं पूर्व वार्ड सदस्य सोमदत पुंडीर ने कहा कि हमेशा धारटी क्षेत्र से भेदभाव किया जाता रहा है और अब लोग पिछले पंद्रह दिनों से पीने के पानी के लिए भी तरह रहे हैं । बार बार विभाग कार्यालय को सूचित किया जा रहा है एवं प्रतिनिधि मंडल भी मिल रहे हैं परंतु सरकार और प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

गौरतलब है कि कोटी नांब पंचायत के धारटी क्षेत्र में सरी -ठाणा उठाऊ पेयजल योजना द्वारा नाथ का पानी से आपूर्ति होती है परंतु एक वर्ष से वेतन न मिलने के कारण ठेकेदार के कर्मीयों द्वारा काम बंद कर दिया है।

गांव के लोगों ने बताया कि धारटी क्षेत्र में कोई भी पानी के साधन नहीं है लोग दूर -दूर बावड़ियों से ढो कर पानी ला रहे हैं । पशुओं व मवेशियों के लिए भी पानी की किल्लत हो रही है ।पूरे धारटी क्षेत्र के गांव सरी ,ठाणा,नांब,कुटाहाघाट,शाकडी,हरि का खिल, हडली,रौडी,पटियाना,शिव दवाला, पथराईं,पघेत आदि गांवों को इसी योजना से सप्लाई होती है परंतु पिछले दो सप्ताह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## भीष्म पंचक मेले के दौरान तमाम व्यवस्थाओं को लेकर उपाध्यक्ष एचआरटीसी अजय वर्मा ने अधिकारियों साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला।** कांगड़ा के पौराणिक जयंती माता देवी के मंदिर में भीष्म पंचक के त्यौहार हर वर्ष की तरह शुरू होने वाले हैं। इसी के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने तमाम व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों संग अपने कार्यालय में बैठक आयोजित की। बैठक में माता के मंदिर में मेलों के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को एक उचित व्यवस्था दी जा सके इस पर चर्चा की गई और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को इस पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा मंदिर में इस बार पहली बार श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य टीम की भी व्यवस्था रहेगी,जिसमे एक डॉक्टर के साथ एक फार्मासिस्ट सभी पांचो




दिनों के लिए नियुक्त किया जाएगा।इसके साथ साथ पुलिस प्रशासन को ट्रैफ़िक व्यवस्था सुचारू रूप से चला रहे इसके लिए विशेष रूप से अतिरीतक पुलिस बल तैनात किया जाए।जल शक्ति विभाग को सारी पाइप लाइन दुरुस्त करने और सभी टंकियों को साफ़ करने और भरने के बिशेष आदेश दिए गए।बिजली विभाग को सारी लाइन दुरुस्त करने और मेले के दौरान बिजली ना जाए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए,साथ ही सभी स्ट्रीट लाइटों को चेक करने ताकि कोई भी स्ट्रीट लाइट मेले के दौरान बंद ना हो। सफाई ना विशेष ध्यान रखने के लिए वन विभाग को सभी दुकानदारों को डस्टबीन देने के निर्देश जारी किये गए।सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने के लिए वन-मित्रों को नियुक्त किया जाएगा।

# राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एस.पी कत्याल ने बैठक की अध्यक्षता की

**निर्देश**

बर्फबारी के सीजन में पर्याप्त खाद्य पदार्थों का स्टॉक उपलब्ध करवाने पर दिए निर्देश



टीम एक्शन इंडिया

किन्नौर। हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एस.पी कत्याल ने आज किन्नौर जिला के रिकांग पिओ स्थित उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में जिला अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. एस.पी कत्याल ने इस अवसर पर जनजातीय जिला किन्नौर में सर्दी एवं बर्फबारी के लिए जिला प्रशासन से खाद्य आपूर्ति स्टॉक का विस्तृत ब्यौरा प्राप्त किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि हर आपात स्थिति से तत्काल प्रभाव से निपटा जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने उचित मूल्यों की दुकानों में गुणवत्तायुक्त सस्ता राशन तथा पर्याप्त स्टाफ पर विस्तृत चर्चा की और बर्फबारी के दौरान दुर्गम क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv

# हिमाचल न्यूज
एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com

ऊना, 28 अक्टूबर 2025

# अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही सरकार : सीएम

**बैठक**

» 11 वर्ष बाद आयोजित हुई राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक



**पंकज शर्मा**

**शिमला।** 11 वर्ष के अंतराल के बाद आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1995 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई तथा समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून कांग्रेस पार्टी तथा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की दूरदृष्टि और सामाजिक न्याय की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। प्रशासनिक तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सुक्खू ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने समाज में समानता और समरसता की स्थापना के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनकी प्रेरणा से ही राज्य सरकार अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में छुआछूत की घटनाएं अब कम रह गई हैं। राज्य सरकार ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में 1,200 पीड़ितों को पुनर्वास राहत के रूप में लगभग 7.35 करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं, जबकि 45,238 पीड़ितों को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की गई है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश की 25.19 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जातियों से संबंधित है और राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

### समाज के सभी वर्गों के बीच भाईचारे और सौहार्द को दिया जा रहा बढ़ावा : डॉ. (कर्नल) शांडिल



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने बताया कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सुविधा के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के बीच भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15, 16 और 17 के अंतर्गत छुआछूत और जातिगत भेदभाव को दंडनीय अपराध घोषित कर सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अधिनियम के उल्लंघन पर अत्याचार की गंभीरता के अनुसार सख्त सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश मानव विकास प्रतिवेदन-2025 का किया विमोचन

**बेहतर**

» राष्ट्रीय सर्वेक्षण में हिमाचल में पढ़ने-लिखने का स्तर बेहतरीन आंका गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां 'हिमाचल प्रदेश मानव विकास प्रतिवेदन-2025' (हि.प्र. ह्यूमन डेवलेपमेंट रिपोर्ट) का विमोचन करते हुए कहा कि यह दस्तावेज प्रदेश की प्रगति, दृढ़ता और जनता की आकांक्षाओं को दर्शाता है। यह प्रतिवेदन प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और जलवायु चुनौतियों के बावजूद यहां के निवासियों की दृढ़ इच्छा शक्ति और मेहनत के बल पर अनुकरणीय विकास गाथा को प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि मानव विकास प्रतिवेदन -2025 के अनुसार हिमाचल प्रदेश का मानव विकास सूचकांक औसत 0.78 है, जो राष्ट्रीय औसत 0.63 से अधिक है। हाल ही में हिमाचल प्रदेश ने पूर्ण साक्षर राज्य की उपलब्धि हासिल की है तथा प्रदेश की साक्षरता दर 99.30 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आए राष्ट्रीय सर्वेक्षण में हिमाचल में पढ़ने-लिखने का स्तर बेहतरीन आंका गया है। सर्वेक्षण में हिमाचल को देश में 5वां स्थान प्राप्त हुआ है जबकि वर्ष 2021 में हिमाचल 21वें स्थान पर था। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार जीवित जन्मे शिशुओं पर 21 रह गई है जो हमारे स्वास्थ्य तंत्र की सफलता को दर्शाता है। सुक्खू ने कहा कि हमने न केवल सड़कों, उद्योगों, कृषि और बागवानी में निवेश किया है बल्कि भविष्य की नींव को आदर्शवादी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, वृद्धजन देखभाल और ग्रामीण विकास जैसे मूलभूत क्षेत्रों में भी निवेश किया है।

# नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का आगाज़

**आयोजन**

» सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 का आयोजन 27 अक्टूबर से 02 नवंबर, 2025 तक होगा



**लिहान्टू**

**रामपुर बुशहर।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली तथा एसजेवीएन के मुख्य सतर्कता अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुसार नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 का आयोजन 27 अक्टूबर से 02 नवंबर, 2025 तक सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत किया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 का आगाज़ आज 27 अक्टूबर, 2025 को परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस राजीव कपूर द्वारा मुख्य प्रशासनिक भवन, झाकड़ी में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर की गई। इसी क्रम में विद्युत गृह झाकड़ी तथा बांध स्थल नाथपा में भी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत एक 'वॉकथॉन' का आयोजन किया गया, जिसे परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस राजीव कपूर द्वारा हरी झंडी दिखाकर आरंभ किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने सतर्कता और ईमानदारी के प्रति जागरूकता का संदेश स्थानीय जनसमुदाय तक पहुँचाया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के दौरान सतर्कता विभाग द्वारा एनजेएचपीएस में विभिन्न आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें कर्मचारियों, स्थानीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## रॉकफोर्ड स्कूल के बच्चों ने एनएफएल अस्पताल का दौरा

**राजन पुरी**

**ऊना।** रॉकफोर्ड सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के छात्रों के एक समूह ने सोमवार को एनएफएल अस्पताल नया नंगल का दौरा किया। यह उनके शैक्षणिक पाठ्यक्रम का एक हिस्सा था, ताकि वे अपने व्यावहारिक ज्ञान और स्वास्थ्य सेवा प्रथाओं की समझ को बढ़ा सकें। दौरे के दौरान, छात्रों ने डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के साथ बातचीत की, जिन्होंने इमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर जैसे विभिन्न विभागों के कामकाज के बारे में बताया। वरिष्ठ फार्मासिस्ट राहुल और ओटी तकनीशियन कविता ने विभिन्न उपकरणों के कार्यों को समझाया और ईपीसीजी उपकरण के बारे में भी बताया। स्कूल की प्रिंसिपल शगुन सिक्का ने कहा कि सैद्धांतिक शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव के बीच की खाई को मिटाने के लिए इस तरह के दौरे आवश्यक हैं।

# सड़कों पर सड़ रहा एचपीएमसी का सेब : राकेश डोगरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने बागवानी बाहुल्य क्षेत्रों की सड़कों पर हिमाचल प्रदेश एचपीएमसी के सेब के सड़ने के मुद्दे पर राज्य सरकार और शिमला ज़िला के मंत्रियों पर तीखा प्रहार किया है।

डोगरा ने आरोप लगाया कि जुब्बल-कोटखाई, रोहड़ू, रामपुर, ठियोग और चौपाल जैसे महत्वपूर्ण सेब उत्पादक क्षेत्रों की सड़कों पर आज भी एचपीएमसी का सेब सड़ रहा है, जबकि शिमला ज़िला के तीनों मंत्री कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। राकेश डोगरा ने स्थिति की गंभीरता बताते हुए कहा कि सड़े हुए सेबों की बोरियां अब नालों के पास तक पहुँच चुकी हैं, जिससे पेयजल योजनाएं दूषित हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले समय में यही सड़ा हुआ सेब पानी के ज़रिए लोगों के घरों तक बीमारी और संक्रमण फैलाएगा। प्रदेश अभी तक प्राकृतिक आपदा से उबरा भी नहीं था कि अब सरकार जानबूझकर सड़े सेब सड़कों पर छोड़कर संक्रमण फैलाने पर तुली है।

डोगरा ने ज़ोर देकर कहा कि सड़ी सेब की बोरियां अब बागवानों के लिए एक आफत बन चुकी हैं और नदियों तथा नालों में फेंका जा रहा यह सड़ा सेब जनस्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है।

भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयानों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि जुब्बल-कोटखाई के कांग्रेस नेता, शिक्षा मंत्री के मंच पर खड़े होकर यह हल्की बात कह रहे हैं कि अगर सेब की बोरियां सड़ रही हैं तो बागवानों का क्या नुकसान? इतना ही नहीं, डोगरा ने दावा किया कि इन नेताओं ने बागवानों से यह तक कह दिया कि बोरियों की पर्ची को ही चैक समझो!

## संक्षिप्त खबरें

### चंबा विधानसभा क्षेत्र में विकास पूरी तरह ठप्प स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल : जय सिंह

**हामिद खान**

**चंबा।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार के चलते चंबा विधानसभा क्षेत्र में सड़क शिक्षा स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा कर रह गई है विकास कार्य ठप्प पड़े हैं मगर चुने हुए नुमाइंदे चुप्पी सादे हुए हैं।

यह बात एक पत्रकार वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के उपाध्यक्ष रहे एडवोकेट जय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि इन दिनों चंबा के लोग मानसिक तथा आर्थिक रूप से परेशान है डर और परेशानी का माहौल है , अपराधिक घटनाएं बढ़ रही है स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज चंबा चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहा है, मगर सरकार की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा। उन्होंने कहा कि लगभग एक माह पहले स्थानीय नुमाइंदे ने अस्पताल का दौरा किया जहां लोगों ने मांग रखी की अस्पताल में दवाइयां नहीं मिल रही लैब



टेस्ट नहीं हो रहे उन्हें मजबूरन टेस्टों के लिए बाहर जाना पड़ रहा है तब उन्होंने आश्वासन दिया था कि जल्द ही इस कमी को दूर किया जाएगा मगर यह मात्र खोखला दावा ही साबित हुआ।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में चंबा में भय का माहौल इस कदर है कि लोग अपने घरों से बाहर निकलने में खुद को असुरक्षित व असहाय पा रहे हैं खासकर मां बहन बेटियों की बात की जाए तो उन पर दिनदहाड़े हमले हो रहे हैं। हाल ही में एक युवक ने कई महिलाओं पर हमला कर उन्हें घायल किया लोग प्रशासन के द्वारा गए मगर इस समस्या का कोई हल नहीं हो पाया।

### उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने उदयपुर में डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

**हामिद खान**

**चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने विधानसभा क्षेत्र चंबा के उदयपुर में प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तावित राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल के लिए चिन्हित भूमि के स्थल का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को वन अधिकार अधिनियम एवं विभिन्न विभागीय औपचारिकताओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस डे-बोर्डिंग स्कूल की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को और अधिक सुदृढ़ बनाने में यह कदम मील का पत्थर सिद्ध होगा।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्थल की भौगोलिक स्थिति पहुँच मार्ग, जल निकासी, और निर्माण संभावनाओं का भी विस्तृत जायजा लिया।

## एपीएमसी ने आपदा राहत कोष के लिए सीएम को सौंपा 2.51 लाख का चेक



**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुर।** कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष अजय शर्मा की अगुवाई में शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ भेंट की और आपदा राहत कोष के लिए समिति की ओर से 2.51 लाख रुपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, अन्य मनोनीत सदस्यों विजय बन्याल, नीलम ठाकुर, रमेश पराशर, सुनील कुमार, दीप कुमार, केवल शर्मा और अन्य सदस्यों से जिला हमीरपुर में एपीएमसी की विभिन्न गतिविधियों एवं प्रस्तावित योजनाओं पर व्यापक चर्चा की।

अजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर में फोरलेन हाईवे के आसपास प्रस्तावित सब्जी मंडी के निर्माण को लेकर एपीएमसी के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने नादौन में प्रस्तावित अनाज मंडी और कोल्ड स्टोर के निर्माण की संभावनाओं पर भी एपीएमसी के पदाधिकारियों से रिपोर्ट ली।

एपीएमसी अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिला हमीरपुर में प्रस्तावित इन बड़ी परियोजनाओं से संबंधित सभी आवश्यक औपचारिकताओं एवं प्रक्रियाओं को अतिशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने एपीएमसी को व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार करने तथा किसानों-बागवानों के लिए आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान करने के निर्देश भी दिए, ताकि किसानों-बागवानों की फसलों का सही विपणन सुनिश्चित हो सके और उन्हें अपने घर के पास ही अच्छे दाम मिल सकें।

## बंगणा स्कूल में 40 ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में चल रहे विशेष सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतर्गत सोमवार को रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जतिंद्र शर्मा की अगुवाई में छात्रों, अध्यापकों और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शिविर के दौरान कुल 40 लोगों ने स्वे%छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का परिचय दिया। प्रधानाचार्य जतिंद्र शर्मा ने रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जो किसी की जिंदगी बचाने में मददगार साबित होता है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डा. सुचित्रा, प्रीति, संदीप कुमार, सतपाल और हरिंद्र ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। चिकित्सा अधिकारियों ने रक्तदान प्रक्रिया के महत्व और सुरक्षा उपायों के बारे में उपस्थित स्वयंसेवकों को विस्तार से जानकारी दी।

# शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल में महकी रसायन मुक्त उत्पादों की खुशबू

**बिक्री**

» चुल्ली तेल और हैंडलूम प्रोडक्ट्स की अधिक बिक्री




**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राजधानी के समीप जुन्गा में चार दिवसीय शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल एवं हॉस्पिटैलिटी एक्सपो-2025 के दौरान रसायन मुक्त उत्पादों की खुशबू खूब महकने लगी। बता दें कि 25 से 28 अक्तूबर तक चलने वाले इस फेस्टिवल में जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के प्राकृतिक उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री हो रही है। सोमवार को जाइका वानिकी परियोजना के उत्पाद खरीदने के लिए असंख्य लोग स्टॉल पर पहुंचे और जमकर खरीददारी की। उन्होंने जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की सराहना की।

इस अवसर पर जाइका वानिकी परियोजना के परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नंद शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज हम लोग मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि हमारा स्वास्थ्य ठीक रहे।

रसायन प्रयोग से बेशक उत्पादन बढ़ता है, परन्तु उनके नुकसान भी बहुत हैं। इसलिए प्राकृतिक उत्पादों का अधिक से अधिक उत्पादन करने की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ लोगों की आजीविका में सुधार होगा और उनकी आर्थिकी भी मजबूत होगी।

श्रेष्ठा नंद शर्मा ने कहा कि जाइका वानिकी परियोजना प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आजीविका में सुधार लाने के लिए वर्ष 2018 से बेहतरीन कार्य कर रही है, जो निरंतर जारी है। शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल के दौरान चुल्ली का तेल और हैंडलूम प्रोडक्ट्स की अधिक बिक्री हो रही है।

## बढ़ेड़ा राजपूता स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस आवासीय शिविर शुरू

**राजन पुरी**

**ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बढ़ेड़ा राजपूता में सोमवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना आवासीय शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी विवेक शर्मा ने आगामी सात दिनों के लिए प्रस्तावित गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की। प्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में समाजसेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना का विकास करती है। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को एनएसएस के उद्देश्यों, सिद्धांतों और इसके महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर रमन जसवाल, सुरेश कुमार, उर्मिला देवी, अनीता डडवाल, राजेंद्र शर्मा सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

## हिमाचल थ्रोबॉल एसोसिएशन में सुरेंद्र ठाकुर बने उपाध्यक्ष

**राजन पुरी**

**ऊना।** हिमाचल थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अमन शर्मा ने सुरेंद्र ठाकुर को संगठन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। अध्यक्ष अमन ने कहा कि सुरेंद्र ठाकुर समाजसेवा और खेलों के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। बता दें कि सुरेंद्र का जीवन समाजसेवा और खेल भावना का प्रेरणास्रोत रहा है। उन्होंने कबड्डी एसोसिएशन के जिला प्रधान और टेबल टेनिस एसोसिएशन के जिला प्रधान के रूप में कार्य करते हुए खेलों को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

शारीरिक शिक्षा में स्नातक होने के नाते वे हमेशा युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

# लवी मेला में अन्य राज्यों के अश्वपालक जानेंगे चामुर्थी घोड़े की खासियतें : अनुपम कश्यप

**न्यौता**

» जिला प्रशासन ने भेजा अन्य राज्यों के अश्वपालकों को निमंत्रण



**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** अंतरराष्ट्रीय लवी मेला रामपुर-2025 में आयोजित होने वाली अश्व प्रदर्शनी में पंजाब, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख से अश्वपालकों को बुलाया जाएगा। अश्व प्रदर्शनी का आकर्षण चामुर्थी घोड़े की नस्ल के बारे में अन्य राज्यों से आने वाले अश्वपालकों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी ताकि इन राज्यों में चामुर्थी घोड़े की बिक्री हो सके। इसके साथ ही वहां के जीवन शैली में चामुर्थी घोड़े को लोग शामिल कर सके। इसके लिए उपायुक्त शिमला के आदेशों के अनुसार पशुपालन विभाग ने उक्त राज्यों के पशुपालन विभाग को पत्राचार कर निमंत्रण भेज दिया है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि लवी मेला का इतिहास सैंकड़ों वर्ष पुराना है। चामुर्थी घोड़े की बिक्री इस मेला का विशेष आर्कषण रहा है। चामुर्थी घोड़ा पहाड़ी राज्यों में काफी प्रभावी माना जाता है। इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ाने की दिशा में इस बार पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख से अश्वपालकों को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि अश्व प्रदर्शनी में चामुर्थी घोड़े की खासियतों को स्वंय देख सके। अगर लोगों को पंसद आए तो खरीद भी सकते है। चीन की सीमा से लगते हिमाचल के बर्फीले कबाइली जिलों लाहौल स्पीति और किन्नौर में चामुर्थी घोड़ा सदियों से जीवन शैली का हिस्सा रहा है। वहाँ इन्हें 'शीत मरुस्थल का जहाज' कहा जाता है। चामुर्थी घोड़े की ऊँचाई 12-14 हाथ तक होती है और यह माइनस 30 डिग्री तक की भीषण ठण्ड में भी काम कर सकता है।

# भदौड़ी में 110 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, 29 के जोड़ों में दर्द



**राजन पुरी**

**ऊना।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत टीम हरोली द्वारा निरंतर गांव-गांव में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भदौड़ी में सोमवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच एवं तंबाकू निषेध जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में कुल 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 70 लोगों के ब्लड सैंपल लिए गए। जांच के दौरान 8 मरीज बीपी, 9 डायबिटीज़ और 29 मरीज जोड़ों के दर्द से ग्रसित पाए गए। इस दौरान डॉ प्रदीप कुमार ने ग्रामीणों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों और इसे छोड़ने के उपायों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि तंबाकू में करीब 4 हजार हानिकारक तत्व होते हैं, जो कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियां, अल्सर और नपुंसकता जैसी कई गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं।

उन्होंने सलाह दी कि वे तंबाकू छोड़ने के लिए दृढ़ निश्चय करें, व्यायाम करें, तम्बाकू युक्त वस्तुओं से दूरी बनाए रखें। टीम में डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि शुक्ला, मनीष ठाकुर और निहाल सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर प्रधान केवल सिंह भी मौजूद रहे।